नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 351 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शनिवार 21 अक्टूबर 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर सरस्वती शिशु मन्दिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शारदीय...



प्रधानमंत्री सड़क में ठेकेदार की मनमानी से ग्रामीणों में आक्रोश पेज -8 पर

## छत्तीसगढ़ में एक दर्जन ज्यादा राइस मिलर्स और कारोबारियों के ठिकानों पर ई डी टीम ने दी दबिश



**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को राज्य के कई शहरों में दबिश दी है. ईडी की टीम ने रायपुर, दुर्ग, कोरबा समेत अन्य शहरों में कई लोगों के घर और अन्य ठिकानों पर रेड डाली है. टीम ने रायपुर में 2, दुर्ग में 2 कोरबा में 1, राजनांदगांव में 1, इस तरह प्रदेश भर में 14 से ज्यादा राइस मिलर्स और कारोबारियों के यहां दबिश दी है।

जानकारी के मुताबिक रायपुर के तिल्दा स्थित अमित चावल उद्योग, तिरुपति राइस मिल के ठिकानों पर ईडी ने छापा मारा है. वहीं राजनांदगांव स्थित अन्नपूर्णा राइस मिल के मालिक आशीष खंडेलवाल के घर पर कार्रवाई की है. प्रदेशभर में कुल 14 से ज्यादा ठिकानों पर ईडी की रेड जारी है.

### महासमुंद.....

महासमुंद के राइस मिलर पारस चोपड़ा ठिकाने पर भी ईडी ने रेड डाली है. पारस चोपड़ा के यहां इसके पहले भी ईडी का छापा पड़ चुका है. जहां ईडी ने तीन दिनों तक दस्तावेज दस्तावेज खंगाले थे.

### दुर्ग-भिलाई.....

इसके अलावा दुर्ग में भी ईडी की टीम राइस मिलर कैलाश रूंगटा और सुंदर नगर निवासी चावल व्यापारी सुरेश कुकरेजा के निवास पर दबिश दी है. तीन दिन पहले भी सुरेश कुकरेजा समेत 5 व्यापारियों के निवास पर टीम ने कार्रवाई की थी. इसके अलावा होटल कैमबियन के मालिक और राइस मिलर कमल अग्रवाल के फार्म हाउस में भी ईडी की कार्रवाई जारी है. बता दें कि कमल अग्रवाल का होटल ग्रीन चौक दुर्ग में स्थित है।

### कोरबा......

टीम ने कोरबा में भारतीय जनता पार्टी नेता और व्यवसायी गोपाल मोदी के घर पर भी छापेमारी की है. सुबह 6 बजे ईडी की टीम ने उनके सीतामणि स्थित निवास पर रेड डाली है. घर के दोनों तरफ दरवाजे से टीम अंदर घुसी. पांच सदस्यीय टीम ने उनके ठिकाने पर दबिश दी है।

*गोपाल मोदी के घर के दोनों दरवाजे बंद कर टीम जांच में जुटी है. किसी भी व्यक्ति को घर के अंदर और बाहर आने जाने पर रोक लगा दी गई है. गोपाल मोदी राइस मिलर एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके हैं. उनके तीन अलग-अलग ठिकानों पर टीम ने छापा मारा है. ईडी की टीम तीन वाहनों में पहुंची है. बता दें वर्तमान में गोपाल मोदी बीजेपी के जिला कोषाध्यक्ष हैं।*

रायपुर में बजरंगियों का हंगामा

## लाठी-डंडे लेकर गरबा पंडाल में घुसने की कोशिश, पुलिस से बहस, फिल्मी गीतों का किया विरोध



**रायपुर।** रायपुर के एक गरबा कार्यक्रम में बवाल हो गया। बजरंग दल के नेताओं और कार्यकर्ताओं का जबरदस्त हंगामा देखने को मिला। लाठी डंडों से लैस होकर यह सभी गरबा पंडाल के भीतर घुसने की कोशिश करने लगे। सड़क पर चक्काजाम कर धरने पर बैठ गए, पुलिस से बहसबाजी की।

पूरा मामला रायपुर के गुढ़ियारी इलाके का है। मारुति मंगलम भवन में आयोजित कार्यक्रम में ये विवाद हुआ। बीती रात हुई इस घटना का अब शुक्रवार को वीडियो सामने आया है। वीडियो में बजरंग दल के कार्यकर्ता और नेता नारेबाजी करते करते दिख रहे हैं पुलिस इन्हें रोकने का प्रयास कर रही है। विवाद के ऐसे हालात देखकर गरबा करने पहुंचे लड़के-लड़कियां और परिवार के लोग डर गए। आपाधापी के बीच स्थिति को देखते हुए पुलिस फोर्स भी मौके पर पहुंची। करीब एक से डेढ़ घंटे तक हंगामा चलता रहा। आयोजकों और बजरंग दल के लोगों के बीच मारपीट भी हो सकती थी। पुलिस ने जैसे-तैसे दोनों गुटों को रोका।

### इस वजह से विरोध

बजरंग दल के जिला संयोजक रवि वाधवानी ने दैनिक भास्कर को बताया कि आयोजन स्थल पर फिल्मी गाने बजाए जा रहे थे। हम इसका विरोध कर रहे हैं। गरबा एक धार्मिक कार्यक्रम है इसमें फिल्मी गानों को जगह नहीं दी जानी चाहिए।

## एक नजर

छत्तीसगढ़ में SI भर्ती मामला

### चुनाव आयोग से अनुमति लेकर जल्द करें अभ्यर्थियों की नियुक्ति



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में एसआई भर्ती मामले में हाईकोर्ट ने आदेश जारी किया है, जिसमें राज्य सरकार को चुनाव आयोग से अनुमति लेने की बात कही गई है. कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश जारी किया है कि चुनाव आयोग से अनुमति लेकर इंटरव्यू में पास हुए अभ्यर्थियों की नियुक्ति जल्द की जाए. साल 2018 में पहली बार राज्य सरकार ने 655 पदों पर भर्ती निकाली, लेकिन भर्ती परीक्षा नहीं ली गई. 2023 में इन पदों को बढ़ाकर 935 कर दिया गया, जिन पर इसी साल परीक्षा आयोजित की गई. राज्य की पुलिस विभाग में सबसे बड़ी भर्तियों में से एक एसआई पदों पर 1.5 लाख अभ्यर्थियों ने फार्म भरा था, जिनमें से केवल 1500 अभ्यर्थी इंटरव्यू तक पहुंच पाए, लेकिन इनकी नियुक्ति ना होने की वजह से उनकी तरफ से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी. आज पूरे मामले की सुनवाई जस्टिस अरविंद सिंह चंदेल की कोर्ट में हुई. इस मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने कोर्ट से कहा कि फिलहाल आचार संहिता लागू होने की वजह से पदों पर नियुक्ति रुकी हुई है. इस पर कोर्ट ने आदेश जारी करते हुए कहा कि आप चुनाव आयोग से अनुमति लेकर इन पदों पर नियुक्ति करें. मामले पर अब अगली सुनवाई नवंबर महीने के पहले सप्ताह में रखी गई है.

कटी टिकट, मचा घमासान

## सर्वे में जो बात सामने आई उस पर हुआ निर्णय, मानना चाहिए आलाकमान का फैसला- सिंहदेव



**बलरामपुर।** डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कांग्रेस विधायक बृहस्पति सिंह के आरोप पर पलटवार किया. उन्होंने कहा कि दो दिन की तैयारी से चुनाव नहीं लड़ा जा सकता और प्रत्याशी चयन के लिए कई दौर के सर्वे रिपोर्ट का सहारा लिया जाता है. पार्टी ने 90 में से 83 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा है. वहीं टीएस सिंहदेव ने बगैर नाम लेते हुए नसीहत देते हुए कहा कि पार्टी से जिनके जुड़े रहने की भावना है. उन्हें पार्टी आलाकमान का निर्णय मानना चाहिए.

टीएस सिंहदेव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि पार्टी ने प्रदेश में अबतक 83 प्रत्याशियों के नाम घोषित हुए हैं, 7 सीटों पर नाम बाकि हैं. आगे उन्होंने कहा कि चुनाव के संदर्व की तैयारी दो दिन की नहीं हो सकती. एक चुनाव बीतता है तो दूसरे की तैयारी शुरू हो जाती है जो आप काम करते हैं, लोगों से संपर्क करते हैं. ये सतत प्रक्रिया बनी रहती है. ऐसा नहीं होता की अब चुनाव आ गया तो नया काम चालू होना है. इसी सिलसिले को बरकरार रखते हुए अब अंतिम समय प्रबंधन का है. तो प्रबंधन के लिए सभी साथ में बैठकर जिम्मेदारियां अपने अपने क्षेत्र में इकाइयों की पोलिंग बोथ की बैठक लेंगे.

विधायकों के टिकट काटने पर उनके नाराजगी पर टीएस सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस से जुड़ने की जिनकी भावना है. उनको कांग्रेस हाईकमान का निर्णय स्वीकार करना चाहिए और कांग्रेस परिवार के दायरे में बने रहना चाहिए. व्यक्तिगत बातें अलग होती है कि मैं की बात होगी तो फिर वो पार्टी की बात नहीं रह जाती. चर्चाएं कई प्रकार की होती हैं, अपवाद भले हो लेकिन इस बार की प्रकिया में मैंने देखा की जो निर्णय हुए हैं ये व्यक्तिगत किसी की राय से बहुत कम और अमूमन सर्वे कराए गए हैं. संघन सर्वे कराए गए हैं अनेकों एजेंसी के माध्यम से सर्वे कराए गए हैं और उस सर्वे में जो बातें सामने आई है उसके आधार पर निर्णय हुए हैं. पूरे 90 विधानसभा सीटों में लगभग ये ही स्थिति है.

दरअसल, डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव आज अल्प प्रवास के दौरान रामानुजगंज पहुंचे थे. डिप्टी सीएम बलरामपुर जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल प्रसाद गुप्ता के निधन के बाद उनके परिजनों से मिलने पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने मीडियाकर्मियों से चर्चा करते हुए कहा कि पार्टी ने प्रदेश में अबतक 7 सीटों पर प्रत्याशियों के चयन नहीं किया है. और बचे सीटों पर प्रत्याशियों के नामों पर मंथन जारी है.

## कांग्रेस प्रत्याशी के विरोध में राजीव भवन के सामने कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

स्थानीय नेता को टिकट देने की कर रहे मांगज



**रायपुर।** कांग्रेस में टिकट वितरण के बाद कई सीटों पर प्रत्याशियों का विरोध शुरू हो गया है. पामगढ़ से रायपुर पहुंचे सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन के सामने प्रदर्शन किया. कार्यकर्ता कांग्रेस प्रत्याशी शेषराज हरबंश को टिकट दिए जाने का विरोध करते हुए गोरेलाल बर्मन को प्रत्याशी बनाने की मांग कर रहे हैं. केवल गोरेलाल बर्मन के समर्थकों में ही नहीं बल्कि शेषराज हरबंश को टिकट दिए जाने से अनेक कांग्रेस नेताओं में भी रोष देखने को मिल रहा है. पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में सालों से लगातार काम कर रहीं पूर्व लोकसभा सांसद एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ स्व. परसराम भारद्वाज की बेटी रोमा परसराम भारद्वाज ने भी टिकट नहीं मिलने पर सोशल मीडिया में अपना दर्द बयां किया है. रोमा भारद्वाज ने अपने फेसबुक पोस्ट में लिखा कि 'टिकट उन्हीं को मिलता है, जिनके पास जुगाड़ होता है. बाकी सर्वे तो फसल का भी होता है, लेकिन बीमा नहीं मिलता.

## मोदी सरकार ने ईडी, आईटी के इस्तेमाल के सिवाय और क्या किया-प्रमोद तिवारी




**रायपुर।** राज्यसभा में उपनेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने प्रेसवार्ता कर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश, तेलंगाना और राज्यस्थान में पूर्ण बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है. छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल सरकार पर जनता का भरोसा बरकरार है. मध्यप्रदेश में चुनाव जनता लड़ रही है, कांग्रेस की सरकार तय है. प्रमोद तिवारी ने कहा, राजस्थान में हमने झगड़ा सुलझा लिया है. वहां सरकार को लेकर कोई नाराजगी नहीं है. तेलंगाना में कांग्रेस के पक्ष में लहर है. परिवर्तन दिख रहा है. मिजोरम में गठबंधन के साथ सरकार हमारी ही बनेगी. मैं भाजपा के नेताओं और मोदी सरकार से पूछना चाहता हूं, ईडी, आईटी के इस्तेमाल के सिवाय और क्या किया है. मैं एक आकंड़ा बता रहा हूं, मोदी सरकार की ओर से बेहतर कार्य करने के लिए भूपेश सरकार को 65 राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है।

कांग्रेस ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची

## खरगे, सोनिया, राहुल, प्रियंका समेत कई दिग्गज करेंगे प्रचार




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के लिए कांग्रेस ने स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है, जिसमें 40 प्रचारकों के नाम हैं. ये सभी छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार का जिम्मा संभालेंगे. स्टार प्रचारकों में मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के अलावा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, सिद्धारमैया, सुखविंदर सुक्खू, अधीर रंजन, दीपक बैज सहित कई मंत्री शामिल हैं.

बृजमोहन अग्रवाल के 'अंधेरे में रखे जाने वाले' बयान पर महंत राम सुंदर दास का पलटवार

## मैं कांग्रेस का सिपाही, जहां से टिकट दिया, वहां से लडूंगा



**रायपुर।** बृजमोहन अग्रवाल के बयान अंधेरे में रखने वाले बयान पर रायपुर दक्षिण से कांग्रेस प्रत्याशी महंत राम सुंदर दास ने अपना स्पष्टीकरण दिया है. उन्होंने कहा कि मुझे अंधेरे में नहीं रखा गया. मैं कांग्रेस का सिपाही हूं. जहां से टिकट दिया गया, वहां से चुनाव लड़ूंगा.

महंत राम सुंदर दास ने पत्रकारों से चर्चा में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के तुष्टिकरण को लेकर कांग्रेस पर लगाए गए आरोपों पर कहा कि तुष्टिकरण की परिभाषा क्या हैं, वे स्पष्ट करें. गौ माता की सेवा करना, माता कौशल्या का मंदिर बनवाना, क्या ये तुष्टिकरण है? भगवान राम ने छत्तीसगढ़ में अधिकांश समय व्यतीत किया, जिसे विकसित करने का काम हुआ. क्या यह तुष्टिकरण है?

महंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में माता कौशल्या का मंदिर सदियों से है. भाजपा के नेताओ ने एक ईट भी नहीं रखी, वो दर्शन के लिए भी नहीं जाते थे. मुख्यमंत्री यह सब विकसित कर रहे हैं, क्या यह तुष्टिकरण? विपक्ष का काम है आरोप लगाना है

## कांग्रेस से नाराज मुस्लिम समाज, पूरी नहीं हुई मांग तो धर्मगुरुओं ने दी चेतावनी, कहा 'करेंगे बायकॉट'




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर एक दिन पहले कांग्रेस ने अपनी दूसरी सूची जारी की है, इसके बाद कई जगह से बगावत की खबर आ रही है। इस बीच छत्तीसगढ़ का मुस्लिम समाज भी कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन पर उतर आया है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन के सामने आज छत्तीसगढ़ मुस्लिम समाज के कई पदाधिकारी मस्जिदों के मुतव्वली मजार के खादिम और अन्य धर्म गुरु इकट्ठा होकर प्रदर्शन करने पहुंचे।

उनकी मांग है कि कांग्रेस प्रदेश में कम से कम दो मुस्लिम उम्मीदवार दे। अब तक मोहम्मद अकबर के रूप में एक मुस्लिम उम्मीदवार को उतारा गया है। 7 सीटों पर नाम का ऐलान अभी भी बाकी है। मुस्लिम समाज की मांग है कि इनमें से किसी भी एक सीट पर जो भी योग्य मुस्लिम प्रत्याशी हो उसे टिकट दिया जाए। टिकट नहीं मिलने पर मुस्लिम समाज ने कांग्रेस का बायकाट करने का भी ऐलान किया है।

भाजपाई कहते हैं भ्रष्टाचार की सरकार को उल्टा लटका देंगे

## नगरनार का निजीकरण नहीं होने का आदेश दिखाएं शाह-भूपेश बघेल

*जगदलपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बस्तर आज जगदलपुर, चित्रकोट और बस्तर विधानसभा के प्रत्याशियों की नामांकन रैली में शामिल हुए. नामांकन के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम बघेल ने कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए वोट मांगा. उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, अमित शाह बोले नगरनार स्टाइल प्लांट का निजीकरण नहीं होगा, लेकिन उसका आदेश कहा है, ये सिर्फ चुनाव तक ही है.*



कार्यक्रम में बस्तर जिले के तीनों प्रत्याशी जगदलपुर से जतिन जयसवाल, बस्तर से लखेश्वर बघेल, चित्रकोट से दीपक बैज, छत्तीसगढ़ प्रभारी सप्तऋषि, पूर्व विधायक रेखचंद जैन के साथ कई स्थानीय नेता मौजूद रहे.

### *नान घोटाला, मुन्नी बाई मामले में क्यों नहीं हुई कार्रवाई*

आमसभा को संबोधित करते हुए सीएम भूपेश बघेल ने कहा, 5 साल तक स्थिति कैसी भी रही, लेकिन हमने काम करके दिखाया. भारतीय जनता पार्टी के लोग बस्तर से दुर्व्यवहार करते थे, फर्जी मुठभेड़ होती थी, यही वजह है कि समय पर राशन कार्ड नहीं बनते थे. महुआ रोड पर सड़ती थी. आपकी जमीन छीनी जाती थी. ये दौर भी आप लोगों ने देखा. खेती करने के लिए लोन नहीं मिलता था, धान को औने-पौने दाम पर खरीदते थे. जब 2018 का चुनाव आया और जब परिणाम आए तो 12 से 11 सीट हम जीते. सीएम बघेल ने कहा, कांग्रेस सरकार आते ही 24 घंटे नहीं सिर्फ 2 घंटे है सभी किसानों का कर्ज माफ किए. धान खरीदी की व्यवस्था की. रोजगार का मौका आपको प्राप्त हुआ. वनोपज का वेल्युएडीशन दिया. वन अधिकार का पट्टा दिया. पट्टे के माध्यम से धान की खरीदी भी की. बस्तर में 300 स्कूल बंद थे उसको खोलने का काम किया है. पहले मलेरिया से मौत हो जाती थी, नक्सलियों के गोली से ज्यादा मलेरिया से जवानों की मौत होती थी, लेकिन मलेरिया उन्मूलन के बाद अब दर काफी कम हुई है. सड़कों का जाल हमने बिछाया. बिजली कोने-कोने तक पहुंचाई, रमन सिंह के समय में 12 मेक्ट्रिक टन धान की खरीदी होती थी, अब 130 लाख मेक्ट्रिक टन धान की खरीदी होगी.

# अजन्मे बच्चे के अधिकारों की रक्षा कर सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला दिया है

आधुनिक समय में भ्रूणों और विशेषत: कन्या भ्रूणों की हत्या का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। जबकि भारतीय संस्कृति में मां की ममता का एक रूप तो वह था, जिसमें वह अपने विकलांग, विक्षिप्त और बीमार बच्चे का आखरी सांस तक पालन करती थी। सुप्रीम कोर्ट की चौखट पर कभी-कभी नैतिक एवं मानवीय मूल्यों से जुड़े मुद्दे भी विचाराधीन आते हैं,

भारतीय न्यायालय की विशेषता रही है कि वह ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए अनूठे फैसले लेकर मानवीय एवं नैतिक मूल्यों को मजबूती दी है। ऐसे ही एक मामले में अजन्मे बच्चे की नैतिकता के आधार पर पैरवी खुद सुप्रीम कोर्ट ने करते हुए एक मिसाल कायम की है। सुप्रीम कोर्ट ने छब्बीस सप्ताह का गर्भ गिराने की मांग करने वाली याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी है कि चूंकि भ्रूण का विकास सामान्य है इसलिए उसे जन्म लेना चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि बच्चे की स्थिति एक दम सही है और उसे जन्म मिलना ही चाहिए। अदालत कह चुकी है कि महिला यदि चाहे तो पैदा होने वाले बच्चे को जन्म के बाद सरकार को सौंप सकती है।

इसी मामले की सुनवाई के दौरान कुछ दिन पहले सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड ने कहा था कि बेशक मां की स्वायत्तता बड़ी है, पर यहां अजन्मे बच्चे के लिए कोई भी पैरवी नहीं कर रहा है जो उसके अधिकारों की बात कर सके। निश्चित ही भारतीय न्यायालय के सम्मुख यह अपने आप में एक अनूठा मामला है जिसमें एक अजन्मे शिशु के अधिकारों के लिए सर्वोच्च न्यायालय नैतिक आधार पर पक्षकार बना है। शादीशुदा महिला को 26 हफ्ते का गर्भ गिराने की मंजूरी देने का फैसला वापस लेने की केंद्र की गुहार पर सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने पिछले बुधवार को खंडित फैसला सुनाया था। बेंच में जस्टिस हिमा कोहली ने कहा था कि कौन-सी अदालत कहेगी कि एक भ्रूण के दिल की धड़कनों को रोका जाए। मैं गर्भपात की मंजूरी नहीं दे सकती। वहीं, जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने कहा कि कोर्ट को महिला के फैसले का सम्मान करना चाहिए,



जो गर्भ को गिराना चाहती है। अलग-अलग राय होने पर पर मामला बड़ी बेंच को भेजा गया था। अब कोर्ट के सम्मुख जहां महिला के सुरक्षित एवं स्वस्थ रहने के अधिकार का मामला था वहीं एक अजन्मे बच्चे के अधिकार का भी मामला था। कोर्ट ने दोनों के बीच संतुलन स्थापित करते हुए जो फैसला लिया, वह कानून से ज्यादा मानवीय दृष्टि से लिया गया फैसला है। अदालत का यह फैसला निश्चित ही मानवीय पहलुओं को ध्यान में रखकर आया है। एक तथ्य यह भी है कि दुनिया भर में गर्भपात के उदार कानून की मांग को लेकर आंदोलन का दौर भी जारी है। खास तौर से यह आंदोलन उन महिलाओं का पक्षधर है जो अवांछित गर्भ ठहर जाने के कारण गैर-कानूनी गर्भपात का सहारा लेकर अपनी जान तक खतरे में डाल देती हैं। मोटे तौर पर सवाल सिर्फ महिलाओं का उनके शरीर पर अधिकार का ही नहीं है बल्कि गर्भ में पल रहे शिशु के जिंदा रहने के अधिकार का भी है। इस तथ्य को भी ध्यान में रखना आवश्यक होगा कि हमारे देश में कानूनी प्रतिबंध के बावजूद कन्या भ्रूण हत्या के मामले सामने आते ही रहते हैं। जरूरत इस बात की है कि अजन्मे बच्चों के हकों की भी चिंता की जाए और गर्भ में ही ऐसे अजन्मे बच्चों को मार देने के प्रचलन पर नियंत्रण की भी पुख्ता व्यवस्था हो। ताजा मामले में कई सवाल खड़े हुए हैं कि क्या एक अजन्मे बच्चे को भी एक आम के बराबर कुछ अधिकार मिलते हैं। सबसे पहला सवाल तो यही उठता है कि क्या भ्रूण एक कानूनी व्यक्ति है या नहीं? इस सवाल का जवाब इस आधार पर दिया जा सकता है कि भ्रूण में जीवन है या नहीं? भारतीय कानूनों में जीवन और मृत्यु से जुड़े कई प्रावधान हैं। भारत के आपराधिक कानून के अनुसार, गर्भावस्था की अवधि के लिए बच्चा मां के पास होता है और भ्रूण के रूप में बच्चे का जीवन होता है। अगर कोर्ट और कानून भ्रूणके रूप में बच्चे का जीवन स्वीकार करते हैं तो उसके कुछ संविधानिक अधिकार भी होते हैं।

आधुनिक समय में भ्रूणों और विशेषत:

कन्याभ्रूणों की हत्या का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। जबकि भारतीय संस्कृति में मां की ममता का एक रूप तो वह था, जिसमें वह अपने विकलांग, विक्षिप्त और बीमार बच्चे का आखरी सांस तक पालन करती थी। परिवार के किसी भी सदस्य द्वारा की गई उसकी उपेक्षा से मां पूरी तरह से आहत हो जाती थी। वही भारतीय मां अपने अजन्मे, अबोल शिशु को अपनी सहमति से समाप्त कराने को क्यों एवं कैसे तत्पर हो सकती है? क्या उसकी ममता का स्रोत सूख गया है? क्या भारतीय मातृत्व की नयी परिभाषा गढ़ी जा रही है? सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने महिला का अपने ऊपर अधिकार और अजन्मे बच्चे के अधिकारों को लेकर ऐसी चर्चा को जन्म दिया है जिसे लेकर ठोस मानवीय प्रावधान होना ही चाहिए।

यों कहा जाना चाहिए कि अजन्मे शिशु के अधिकारों और माता के अधिकारों के बीच संतुलन बनाने की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश और जजों की पीठ ने व्यापक विचार किया और महिला की पैरवी कर रहे वकील से पूछा कि अदालत एक जीवित भ्रूण की हत्या का आदेश कैसे दे? आखिर अजन्मे को भी जीवन जीने का अधिकार है।

**ललित गर्ग**

## संपादकीय

### कानूनी प्रावधान के अनुरूप

सुप्रीम कोर्ट इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि विवाह व्यक्ति का मौलिक अधिकार नहीं है, इसलिए समलैंगिक व्यक्तियों के विवाह की मांग के पक्ष में उसने फैसला नहीं दिया। उसने यह उचित व्याख्या की कि स्पेशल मैरिज ऐक्ट में समलैंगिक विवाह का प्रावधान नहीं है।

समलैंगिक विवाह मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला संविधान और वर्तमान कानून के मुताबिक है। सुप्रीम कोर्ट से अति अपेक्षा रखने वाले आलसी कार्यकर्ता समूहों को भले इससे मायूसी हुई होगी, लेकिन कोर्ट का खुद को अपने दायरे में रखने के निर्णय से वैधानिक तौर पर असहमत होने की कम गुजाइशें ही हैं। यह कहा जा सकता है कि ऐसी अति अपेक्षाएं पैदा करने में खुद सर्वोच्च न्यायालय की भी भूमिका रही है। एक दौर में संविधान से मिले न्यायिक समीक्षा के अधिकार की बेहद व्यापक परिभाषा करते हुए उसने संविधान के बुनियादी ढांचे की अवधारणा स्थापित कर दी और फिर चूंकि मौलिक अधिकार संविधान के इस ढांचे का हिस्सा हैं, इसलिए उसने खुद को इन अधिकारों का संरक्षण घोषित कर दिया। उस दौर में उसने खुद मौलिक अधिकारों की व्यापक से व्यापक व्याख्याएं कीं। इससे एक तबके में यह धारणा बन गई कि बिना सामाजिक-राजनीतिक माहौल बनाए भी न्यायपालिका के हस्तक्षेप से समाज में बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं। बहरहाल, अब उस समझ की सीमाएं स्पष्ट हो गई हैं।

## मिशन शक्ति अभियान के जरिये उत्तर प्रदेश में महिलाओं के सशक्तिकरण में जुटी है योगी सरकार

केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल से जल योजना का लाभ गरीब महिलाओं का मिल रहा है जिन्हें काफी दूर से जल लाना पड़ता था। आज प्रदेश में तीन तलाक पीड़ित मुस्लिम महिलाओं को भी उनके भरण पोषण के लिए पेंशन दी जा रही है।

नारी सुरक्षा तथा नारी सम्मान को बढ़ावा देने एवं स्त्रियों को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में नवरात्रि के पावन अवसर पर विगत तीन वर्षों से मिशन शक्ति का आयोजन किया जाता रहा है। इस नवरात्रि पर योगी सरकार ने मिशन शक्ति अभियान के चतुर्थ चरण का श्रीगणेश किया। प्रत्येक की भांति प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी नवरात्रि में नौ दिनों का व्रत रखते हैं और गोरखनाथ पीठ में परम्परानुसार कन्या पूजन करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न केवल कन्या पूजन करते हैं वरन प्रदेश की बेटियों का जीवन सुरक्षित, समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए भी वह संकल्पवान हैं। योगी जी की इच्छा है कि मां दुर्गा के नौ रूपों के अनुरूप ही प्रदेश की बेटियां का जीवन भी हो और उन्हें पर्याप्त आदर व सम्मान मिले। योगी सरकार के मिशन शक्ति अभियान और उनके द्वारा की जा रही कन्या पूजन के कारण प्रदेश का विपक्ष भी दबाव का अनुभव कर रहा है और इसी दबाव को कम करने के



लिए कांग्रेस पार्टी ने भी नरम हिंदुत्व का नकली चोला ओढ़कर कन्या पूजन करवाने का फैसला लिया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा महिलाओं व बेटियां के लिए चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की सफलता से प्रेरित होकर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने पिछले चुनावों में मैं लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा भी दिया था किंतु कथनी और करनी के विरोधाभासों के चलते यह नारा बुरी तरह विफल रहा।

संसद व विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 के पारित हो जाने के बाद अब भाजपा ने हर विधानसभा क्षेत्र में बड़ा सम्मेलन करने की योजना बनाई है वही मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बेटियों के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का प्रसार करने का अभियान भी चलाया जा रहा है। योगी सरकार आने के बाद प्रदेश में महिलाओं व बेटियों की सुरक्षा के लिए विविध योजनायें प्रारम्भ की गई हैं और उनका सुचारु संचालन भी किया जा रहा है। सरकार की विभिन्न योजनाओं का परिणाम है कि आज प्रदेश में महिलाओं की आय पहले से अधिक हो गई है। विगत वित्त वर्ष में जुलाई से सितंबर के मध्य ग्रामीण महिलाओं की आय 8,936 रुपये थी जा अप्रैल से जून 23 के बीच 20 हजार से अधिक हो गई है। केंद्र सरकार के पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे में उत्तर प्रदेश में महिलाओं की आय में लगातार वृद्धि हो रही है। ग्रामीण महिला श्रम बल भागीदारी दर के अनुसार वर्ष 2018-19 में यह दर लगभग 20 प्रतिशत थी जो बढ़कर 2022-23 में यह दर 56 फीसदी तक पहुंच गई है। मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण में सरकार ग्रामीण और शहरी महिलाओं को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आजीविका गतिविधियों से जोड़ने पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। मिशन के चतुर्थ चरण को महिला स्वास्थ के प्रति समर्पित किया गया है। इसमें महिलाओं को उनके स्वास्थ्य से सम्बंधित योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। 30 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को मधुमेह, उच्च रक्तचाप, स्तन व सर्वाइकल कैंसर का नि:शुल्क परामर्श दिया जा रहा है। प्रदेश की कुपोषित बालिकाओं के लिए विशिष्ट पोषण पुनर्वास केंद्र बनाने का भी फैसला लिया गया हे। योगी जी प्रदेश की बेटियों की सुरक्षा को लेकर बहुत ही सचेत तथा कठोर हैं। वे कई अवसरों पर स्पष्ट संदेश दे चुके हैं कि प्रदेश की सीमा के अंदर अगर कोई भी व्यक्ति हमारी बहिन बेटियो की सुरक्षा में किसी भी प्रकार से सेंध लगाने का प्रयास करेगा तो ऐसे तत्वों को अगले चौराहे पर यमराज प्रतीक्षा करता मिलेगा।

## मिला जुला

# 'जिसका शिलान्यास, उसका उद्घाटन भी करते हैं'- नमो

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली-मेरठ 'रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम' यानि 'नमो भारत' ट्रेन के पहले चरण को हरी झंडी दिखा दी है. इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि हम जिस प्रोजेक्ट की आधारशिला रखते हैं, उसका उद्घाटन भी करते हैं. ये पूरे भारत के लिए ऐतिहासिक क्षण है. एक से डेढ़ साल बाद मेरठ खंड का उद्घाटन भी हम ही करेंगे. साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि ये ट्रेन महिला सशक्तीकरण का भी प्रतीक है, क?योंकि इसमें सभी कर्मचारी महिलाएं हैं. देश को रैपिड ट्रेन की सौगात देते हुए पीएम मोदी ने कहा, रैपिड रेल के पहले चरण का उद्घाटन हो गया है, ये पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है. यह देश की पहली रैपिड ट्रेन है. आज भारत की पहली रैपिड रेल सेवा %नमो भारत ट्रेन% राष्ट्र की समर्पित हुई है. लगभग 4 साल पहले मैंने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रीजनल कॉरिडोर प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी थी. आज साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक के हिस्से पर %नमो भारत% का संचालन प्रारंभ हो गया है.



### इशारों ही इशारों में पीएम मोदी का विपक्षियों पर तंज

विपक्षी पार्टियों पर इशारों ही इशारों में तंज कसते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'हम जिस परियोजना का शिलान्यास करते हैं, उसका उद्घाटन भी हम ही करते हैं. इसका मेरठ वाला हिस्सा 1-1.5 साल के बाद पूरा होगा, उस समय भी मैं आपकी सेवा में मौजूद रहूंगा. अभी मुझे इस आधुनिक ट्रेन से यात्रा का भी अनुभव प्राप्त हुआ है. मैंने तो बचपन रेलवे प्लेटफार्म पर बिताया है और आज रेलवे का ये नया रूप मुझे सबसे ज्यादा आनंदित करता है.'

### नए भारत के नए सफर और नए संकल्पों को परिभाषित कर रही है

पीएम मोदी ने कहा, 'हमारे यहां नवरात्रि में शुभ कार्य की परंपरा है. देश की पहली नमो भारत ट्रेन को भी मां कात्यायनी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है. इस नई ट्रेन में ड्राइवर से लेकर सभी कर्मचारी महिलाएं हैं. ये भारत की नारीशक्ति के बढ़ते कदम का प्रतीक है. नमो भारत ट्रेन में आधुनिकता भी है, गति भी है. ये नमो भारत ट्रेन, नए भारत के नए सफर और नए संकल्पों को परिभाषित कर रही है. भारत का विकास, राज्यों के विकास से ही संभव है. आज बेंगलुरु में मेट्रो की 2 लाइनों को भी देश को समर्पित किया गया है. इससे बेंगलुरु के IT हब की कनेक्टिविटी और बेहतर हुई है. अब बेंगलुरु में रोज लगभग 8 लाख लोग मेट्रो से सफर कर रहे हैं.' बता दें कि 82 किमी लंबे दिल्ली-मेरठ-गाजियाबाज कॉरिडोर पर अभी 17 किमी के खंड दुहाई-साहिबाबाद के बीच ट्रेन दौड़ेगी. स्टैंडर्ड क्लास का किराया 20 से 50 रुपये और प्रीमियम क्लास का किराया 40 से 100 रुपये तक होगा. दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड रेल पपियोजना की शुरुआत 2019 में हुई थी. अभी इसके प्रथम चरण का काम साहिबाबाद से दुहाई स्टेशन तक यानि 17 किमी के रास्ते को खोला जाएगा. इसके पहले फेज में 5 स्टेशन होंगे. इनमें साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई डिपो स्टेशन शामिल हैं.

## एक नजर

### इजरायल में बंद हुए अल जजीरा के ऑफिस, सैनिकों की सुरक्षा चिंता बनी बड़ी वजह

हमास के साथ इजरायल की जंग आज 14वें दिन में प्रवेश कर गई. इजरायल में पश्चिमी नेताओं का दौरा जारी है. ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने तेल अवीव को समर्थन दिया है. अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि इजरायल पर हमला करने वाले हमास के आतंकवादी और यूक्रेन पर हमला करके रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पड़ोसी लोकतंत्रों को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं. बाइडन ने ओवल ऑफिस से एक दुर्लभ टेलीविजन संबोधन में कहा कि हमास और पुतिन अलग-अलग खतरों का प्रतिनिधित्व करते हैं, लेकिन वे दोनों पड़ोसी लोकतंत्र को पूरी तरह से नष्ट करना चाहते हैं.

### उन्नाव पुलिस लाइन के महिला हास्टल में लटका मिला महिला सिपाही का शव

उन्नाव। पुलिस लाइन स्थित महिला हास्टल में गुरुवार रात महिला सिपाही का शव फंदे से लटका मिला। पड़ोस में तीसरे तल के कमरे में रहने वाली महिला सिपाही ने शव लटका देख उच्चाधिकारियों को जानकारी दी। अधिकारी पहुंचे तो शव को नीचे उतारा गया। जीवित समझ कब्बाखेड़ा स्थित एक मेडिकल सेंटर पहुंचाया। करीब एक घंटे इलाज के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। एक पुलिस अधिकारी की पेशी में तैनात सिपाही को वह अपना मौसेरा भाई बताती थी। वह भी मेडिकल सेंटर में उसकी मौत पर बिलखता नजर आया। शरीर में खरोंच के निशान मिलने की चर्चा से मामला पेंचीदा बना रहा। बागपत जिला के गांव खेकड़ा निवासी 23 वर्षीय मीनू धामा पुत्री सुरेंद्र धामा वर्ष 2019 बैच की सिपाही थी। मौजूदा समय में पुलिस लाइन स्थित एएचटीयू (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग) थाना में सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम) में तैनात थी।

## महुआ मोइत्रा के मामले से टीएमसी ने बनाई दूरी, ममता बनर्जी ने पार्टी नेताओं को दिए ये निर्देश

**तृणमूल** कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं. पहले बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे द्वारा उन पर ूसवाल पूछने के लिए रिश्वत लेनेू के आरोप लगाए गए और अब रियल एस्टेट अरबपति निरंजन हीरानंदानी के बेटे दर्शन हीरानंदानी सरकारी गवाह बन गए हैं. इन सबके बीच अब टीएमसी ने पार्टी नेताओं को इस मुद्दे पर कुछ भी नहीं बोलने को कहा है. सूत्रों के मुताबिक, टीएमसी इस मामले पर नजर बनाए हुए हैं. पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी को मामले की जानकारी दे दी गई है



और पार्टी नेताओं को इस मामले पर नहीं बोलने को कहा गया. पार्टी ने फिलहाल वेट एंड वॉच की नीति अपनाई है क्योंकि मामला संसद की एथिक्स कमेटी के पास चला गया है और वह उचित समय पर फैसला करेगी. अब खुद के बचाव की जिम्मेदारी खुद महुआ पर है.सूत्रों के मुताबिक, टीएमसी अनुशासन समिति की दुर्गा पूजा के बाद इस मामले पर बैठक होने की संभावना है.

## नीतीश कुमार ने भाजपा नेताओं से दोस्ती वाले बयान पर साफ की स्थिति

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू अपने तीन दिवसीय दौरे पर जब बिहार पहुंचीं. मोतिहारी के महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में सीएम नीतीश कुमार भी शामिल रहे. अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सामने बैठे भाजपा नेताओं की ओर इशारा करते हुए दोस्ती और रिश्ते निभाने की बात कही.मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भाजपा के साथ दोस्ती वाले बयान पर राज्य में सियासत गर्म हो गई है. सियासी दुनिया से अलग मुख्यमंत्री के दिए इस बयान के तरह-तरह के मायने निकाले जाने लगे. जिसके बाद अब खुद सीएम नीतीश कुमार ने ही अपने बयान को



लेकर स्थिति साफ कर दी है और बताया कि किस तरह उनके दिए बयान के गलत मायने निकाले गए हैं. सीएम ने बताया कि उन्होंने क्या कहा और किस संदर्भ में ये बातें कही गयीं.

### भाजपा नेताओं से दोस्तीवाले अपने बयान पर सीएम नीतीश कुमार बोले..

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को मोतिहारी के एक कार्यक्रम में भाजपा नेताओं से दोस्तीवाले बयान के बारे में पटना एम्स के कार्यक्रम के दौरान कहा कि मीडिया में उनके मोतिहारी के बयान को तोड़- मरोड़कर और गलत रूप से पेश किया गया है. कार्यक्रम में पुराने साथी नेता बैठे थे. उन्हीं को इशारा कर उन्हें याद दिलाते हुये कहा था कि मोतिहारी में विकास का कितना काम किया. उन्होंने मीडिया कर्मियों से कहा कि यहां भी कार्यक्रम में जितना कुछ विकास के बारे में कहा है, उसकी चर्चा नहीं करें, छोड़ दें.

## इस्राइल ने हमास के सैकड़ों ठिकानों पर बोला हमला; हथियारों के गोदामों को किया को ध्वस्त

**इस्राइल** और हमास के बीच संघर्ष शुरू हुए अब 14 दिन हो चुके हैं। दोनों ही ओर से जारी हमलों में अब तक 5000 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। इस्राइल में हमास के हमले में मरने वालों की संख्या 1400 से ज्यादा है। उधर गाजा पट्टी में हुई बमबारी में 3500 की मौत हो चुकी है। गाजा अस्पताल में



बमबारी पर इस्राइली मंत्री एवी डाइचर ने सेडरोट में कहा कि गाजा के एक अस्पताल में जो हुआ, वह फलस्तीनी काम था। यह कोई संयोग नहीं है कि यह उस दिन हुआ, जिस दिन अमेरिकी राष्ट्रपति को यहां आना था। ऐसा हवाई हमले के जरिए फेंके गए बम से नहीं हुआ। हमास पर मंत्री ने कहा कि हमास ने दूसरे जानवरों का शिकार करने वाले जानवरों की तरह व्यवहार किया। हम उन इंसानी जानवरों को निशाना बनाने जा रहे हैं, कोई भी भागने वाला नहीं है।

# दो पहाड़ी कोरवा खिलाड़ियों का तीरंदाजी खेल में राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ चयन

## राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा में मनोज राम व अनिल राम ने कम्पाउण्ड राउण्ड में जीता पदक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



जशपुर जिले के तीरंदाजी केन्द्र एवं एकलव्य खेल अकादमी जशपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे दो पहाड़ी कोरवा खिलाड़ी मनोज राम व अनिल राम ने 23 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में तीरंदाजी खेल विधा में सरगुजा संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए कम्पाण्ड राउण्ड में पदक प्राप्त करते हुए राष्ट्रीय स्तर के लिए अपना स्थान बनाया है। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि जशपुर में खेल प्रतिभा की कमी नहीं है। प्रशासन के द्वारा उन्हें और निखारने हेतु अथक प्रयास किया जा रहा है।

तीरंदाजी कोच राजेन्द्र देवांगन ने बताया कि जशपुर जिले के एकलव्य खेल अकादमी में प्रतिदिन दिन तीरंदाजी खेल का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। जिसमें 8 तीरंदाजी के बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। उन्होंने बताया कि हाल ही में सरगुजा में आयोजित संभाग स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में सभी 8 खिलाड़ियों का चयन हुआ था। जिसके उपरांत संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में कुल 6 खिलाड़ियों ने राज्य स्तर के लिए अपना स्थान बनाया। उन्होंने बताया कि उक्त राज्य स्तरीय प्रतियोगिता कोड़ागांव में विगत 15 से 18 अक्टूबर 2023 तक आयोजित किया गया। जिसमें मनोज राम ने व्यक्तिगत, टीम, मिक्स स्पर्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं खिलाड़ी अनिल राम ने व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत व टीम में स्वर्ण पदक प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर के लिए अपना स्थान बनाया है। उक्त उपलब्धि के लिए जिले के समस्त खिलाड़ियों, कोच, सहित अभिभावकों ने भी अपनी बधाई व शुभकामनाएं दी है।

### कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने दी शुभकामनाएं





शारदीय नवरात्र....



रायपुर। राजधानी रायपुर प्रोफेसर कालोनी,मलसाय तालाब के किनारे शारदीय नवरात्रि में स्थापित माँ दुर्गा का भव्य स्वरूप श्रद्धालुओं के लिए बना आकर्षण का केंद्र।

# अपने शरीर के अंगों से बात करना ही है रब थेरेपी : डॉ. मंजू ठाकुर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ के तत्वावधान में संचालित योगारम्भ 3.0 कार्यक्रम का आज 16वाँ सत्र प्रात: 6ः45 से 8ः30 पर पूर्ण हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. मंजू सिँह ठाकुर , रेकी मास्टर, क्रिस्टल हीलर, ऑरा रीडर विभागाध्यक्ष, योग विभाग, अग्रसेन कॉलेज, पुरानी बस्ती, रायपुर विशेष सदस्य, योग संघ का प्रदेश अध्यक्ष श्री अनिल चंद्राकर जी ने हार्दिक शुभकामनायें प्रकट किया। श्री रामेश्वर प्रसाद डौन्डे जी ने शंखनाद व मन्त्रोंच्चार विधि से कार्यक्रम का भव्य आध्यात्मिक शुभारम्भ किया। संघ सांस्कृतिक व केंद्रीय प्रभारी, सुश्री मोनिका सिन्हा जी ने मुख्य वक्ता के जीवन पर प्रकाश ड़ालते हुए कहा कि मैम रविशंकर यूनिवर्सिटी से गोल्ड मेडलिस्ट व पी-एच.डी. उपाधिधारी रही हैँ। प्रो. भगवन्त सिँह सर मैम के आदर्श हैँ। श्री नितेश पटेल जी ने सभी श्रोताओं का सुमधुर शब्दबाण से भव्य स्वागत के साथ प्रश्न संवाद तथा श्रीमती गोदावरी साहू ने महत्वपूर्ण प्रश्न संवाद कर, मुख्य अथितियों को आमंत्रित को पूर्णत्व प्रदान किया।





प्रदेश महासचिव श्री खोमेश साहू जी ने मुख्य वक्ता का पुष्पगुच्छरूपी शब्दों से स्वागत करते हुए कहा कि मैम हम सभी की आदर्श हैँ। मैम के विगत व्याख्यान से ही लोग रब थेरेपी के बारे में जानने के लिए उत्सुक थे, आज जाकर यह पिपाशा तृप्ति हुई। कार्यक्रम में डॉ. मंजू मैम ने कहा कि रब थेरेपी हर उम्र का व्यक्ति कर सकता है। वैसे तो थेरेपी कई प्रकार जैसे मर्म थेरेपी, जल थेरेपी, पावर थेरेपी, कंपिंग थेरेपी के होते हैँ। रब थेरेपी में बीमारियों के अनुसार शरीर को हाथों की उंगलियों से घर्षण किया जाता है। सर दर्द लगने पर हमारी उंगलियों सिर के जिस हिस्से पर जाती है वही हमारा रब पॉइंट होता है। उसी पॉइंट के आसपास हाथों की उंगलियों से घर्षण करना चाहिए। विभिन्न बीमारियों में शरीर के जिस हिस्से पर तेज दर्द हो वहीं पर हमें रब थेरेपी देना चाहिए। इस कार्यक्रम में डॉ. डॉली पाण्डेय, सहायक प्राध्यापक एवं आईक्यूसी कॉर्डिनेटरअग्रसेन कॉलेज, रायपुर(छ.ग.) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदान की।

फिल्मी गानों पर गरबा को लेकर मचा हंगामा

# बजरंग दल ने जताया विरोध, कहा- रात 10 बजे तक बंद करें गरबा



**रायपुर।** नवरात्र के दौरान राजधानी रायपुर में गरबा की धूम है। कई जगहों पर आयोजन हो रहा है। इसी बीच रायपुर के गुढियारी स्थित मारुति मंगलम भवन में गरबा के दौरान फिल्?मी गानों पर गरबा किया तो बजरंग दल के कार्यकताओं ने जमकर हंगामा मचाया। बजरंगियों ने फिल्मी गीतों पर गरबा का विरोध जताया। साथ ही रात 10 बजे तक गरबा बंद करने की हिदायत दी। इसके अलावा सबका आधार कार्ड देखकर ही गरबा में इंट्री देने के लिए कहा। घटना की जानकारी गुढियारी थाना की पुलिस को मिलते ही मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को बाहर किया।

### रायपुर में गरबा आयोजन में बजरंग दल का हंगामा

दरअसल, रायपुर के गुढियारी स्थित मारुति मंगलम भवन में इन दिनों नवरात्र के मौके पर गरबा नृत्य का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार रात को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। उनका कहना था कि फिल्?मी गानों पर गरबा किया जा रहा है कि जो कि सही नहीं है। इतना ही नहीं बजरंग दल के पदाधिकारी ने रात 10 बजे तक गरबा बंद करने की बात कही।

## अपराध

नशे के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही

# 2 हजार प्रतिबंधित टैबलेट के साथ विदेशी तस्कर गिरफ्तार

रायपुर। राजधानी रायपुर में नशे के सौदागरों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में पुलिस ने रायपुर में प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विदेशी तस्कर मार्टिन सैम्यूल के पास से 2 हजार प्रतिबंधित टैबलेट नेट्रोसन-10 बरामद किया है। बताया जा रहा है कि तस्कर मठपुरैना स्थित सिमरन सिटी स्थित घर में रहता था और वहीं से नशीली गोलियों को सप्लाई करता था ।दरअसल, यह मामला टिकरापारा थाना का है।

टिकरापारा थाना की पुलिस ने बताया कि बताया कि पुलिस की टीम ने मुखबिर की सूचना पर मठपुरैना स्थित सिमरन सिटी के एक मकान में मार्टिन सैम्यूल नाम के एक विदेशी तस्कर को गिरफ्तार किया गया। जब उसकी तलाशी ली गई तो आरोपित के पास से प्रतिबंधित नशीली टैबलेट बरामद किया गया। पूछताछ में पता चला कि आरोपित काफी दिनों से नशीली टैबलेट की तस्करी में लगा हुआ था।

# त्योहारी सीजन में कई ट्रेनें रद्द, अधिकांश ट्रेनों में दिवाली तक लंबी वेटिंग

**रायपुर।** त्योहारी सीजन में भी ट्रेनों का रद होने का सिलसिला नहीं थमने का असर यात्रियों पर पड़ रहा है। लंबी दूरी की जो ट्रेनें चल रही है, वह नवरात्र पर्व से लेकर दशहरा-दिवाली तक पूरी तरह से पैक है। अधिकांश ट्रेनों में लंबी वेटिंग चल रही है। ऐसे हालात में यात्रियों को सफर के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। रायपुर रेलवे स्टेशन से होकर आने-जाने वाली सभी ट्रेनों में यात्रियों की आवाजाही बढ़ रही है। खासतौर पर डोंगरगढ़ और बिलासपुर में रतनपुर माता का दर्शन करने के लिए लोग समूह में निकल रहे हैं। बावजूद रेलवे प्रशासन ने अब तक गेवरारोड से रायपुर के बीच चलने वाली ट्रेन का विस्तार डोंगरगढ़ स्टेशन तक नहीं किया। जितनी ट्रेनें चल रही हैं, उनमें भी सफर करना आसान नहीं हैं, क्योंकि





स्लीपर कोच से लेकर जनरल कोचों में पैर रखने तक की जगह यात्रियों को नहीं मिल रही है। पटना-सिकंदराबाद, हैदराबाद-पटना, सिकंदराबाद-पटना, हैदराबाद-दरभंगा जैसी लंबी दूरी की ट्रेनों के यात्रियों का रिजर्वेशन टिकट रद होने से उन्हें अब इन्हीं ट्रेनों में दोबारा रिजर्वेशन कराना पड़ रहा है, क्योंकि इन ट्रेनों की रद की तारीखें खत्म हो गई हैं। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि राउरकेला ब्लाक की वजह से जिन पांच एक्सप्रेस ट्रेनों पटना-सिकंदराबाद, हैदराबाद-पटना, सिकंदराबाद-पटना, हैदराबाद-दरभंगा आदि को रद किया गया था, वे सभी ट्रेनें पटरी पर लौट रही हैं।यह यात्रियों को काफी राहत देगी। रायपुर, बिलासपुर होकर चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों में सबसे ज्यादा यात्रियों की भीड़ होती है।यही वजह है कि सिकंदराबाद-पटना एक्सप्रेस में दो महीने पहले का रिजर्वेशन में भी वेटिंग चल रही है।

### डोंगरगढ़-दुर्ग मेमू का रायपुर तक विस्तार

**इन दिनों नवरात्रि के शुरुआत से ही रायपुर समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से सुबह और शाम वाली लोकल ट्रेनों में देवी दर्शन करने वालों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। हालत यह है कि किसी ट्रेन में पैर रखने तक की जगह नहीं है।**

# तरूण सिंह ठाकुर एक साल के लिए जिला बदर

## कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी कार्तिकेया गोयल ने जारी किया आदेश

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर व जिला दण्डाधिकरी कार्तिकेया गोयल ने 19 अक्टूबर 2023 को आदेश जारी कर तरूण सिंह ठाकुर आ.शोभनाथ सिंह ठाकुर, निवासी-गंज पीछे खरसिया, थाना-खरसिया, जिला-रायगढ़ को एक साल के लिए जिला बदर कर दिया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 के तहत जिला दण्डाधिकारी न्यायालय में चल रहे न्यायिक प्रकरण में यह आदेश पारित किया है। आदेश में उल्लेख है कि जब तक यह आदेश लागू रहेगा तरूण सिंह ठाकुर को चौबीस घंटे के भीतर जिला-रायगढ़ तथा समीपवर्ती जिले सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, बलौदा बाजार, महासमुंद, जांजगीर-चाम्पा, कोरबा एवं जशपुर जिले के क्षेत्र से एक वर्ष के लिए बाहर जाना होगा। तरूण सिंह ठाकुर को उक्त अवधि में बिना वैधानिक अनुमति लिए इन जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। इस आदेश का तुरंत पालन किया जाना होगा। पालन नहीं करने पर तरूण सिंह ठाकुर के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन एवं अभियोजन साथियों द्वारा दिए गए बयान के आधार पर यह पाया गया कि तरूण सिंह ठाकुर पर 8 मार्च 2014 से 15 नवम्बर 2016 तक थाना खरसिया, जिला-रायगढ़ में 8 अपराध पंजीबद्ध हुए है। तरूण सिंह ठाकुर मारपीट, लूट, बलवा, धरना, प्रदर्शन, चक्का जाम जैसे अपराधों में संलिप्त रहा है। उसके आपराधिक गतिविधियों से आम जनता के मौलिक अधिकारों का हनन हुआ है। खरसिया पुलिस द्वारा तरूण सिंह ठाकुर के विरूद्ध सामान्य कानून के तहत कई कार्यवाही की गई किन्तु उसके आचरण में कोई सुधार नहीं हुआ है। इसलिए खरसिया पुलिस द्वारा तरूण सिंह ठाकुर के विरूद्ध प्रतिबन्धात्मक कार्यवाही की गई जिसमें उसके विरूद्ध ईश्तगासा क्रमांक 12/16 धारा 110 जा.फौ.के तहत अनुविभागीय दण्डाधिकारी, खरसिया के न्यायालय में पेश किया गया, इसके उपरांत भी उसकी आपराधिक गतिविधियों और उसके आचरण में कोई सुधार नहीं हुआ। जबकि तरूण सिंह ठाकुर के विरूद्ध पूर्व में 15 मई 2014 को जिला बदर की कार्यवाही की गई थी, उक्त जिला बदर की कार्यवाही में अवधि पूर्ण होने के पश्चात तरूण सिंह ठाकुर पुनः आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हो गया। इसलिए पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा तरूण सिंह ठाकुर के विरूद्ध प्रभावी नियंत्रण रखने के लिए छ.ग.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत यह प्रकरण पुनः प्रस्तुत किया गया है।

जिसके पश्चात जिला दण्डाधिकारी व कलेक्टर गोयल ने आदेश पारित किया कि अनावेदक लगातार अपराधिक कृत्य में संलग्न होकर अपराधिकृत प्रवृत्ति का व्यक्ति है जिससे कानून व्यवस्था एवं लोक व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अतः राज्य सुरक्षा अधिनियम के उक्त प्रावधान के तहत उसे जिले से निष्कासित किए जाने का पर्याप्त कारण है। अतः राज्य की सुरक्षा व कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिए तरूण सिंह ठाकुर को छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 के तहत रायगढ़ जिले तथा समीपवर्ती जिले सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, बलौदा बाजार, महासमुंद, जांजगीर-चाम्पा, कोरबा एवं जशपुर जिले से एक वर्ष की अवधि के लिए निष्कासित किया जाता है। तरूण सिंह ठाकुर को आदेश पारित होने के 24 घंटे के भीतर उक्त जिलों के क्षेत्र व सीमा से बाहर जाना होगा।

# राजनैतिक दलों के समक्ष हुआ ईवीएम एवं वीवी पैट का रेण्डमाइजेशन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार और रिटर्निंग अधिकारियों की उपस्थिति में कोरबा जिले के चारो विधानसभा के लिए राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष ईवीएम एवं वीवी पैट मशीनों का आज ईएमएस 2.0 पोर्टल के माध्यम से प्रथम रेण्डमाइजेशन किया गया। रेण्डमाइजेशन के पश्चात फ ईनालाइज्ड किए गये ईवीएम बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवी पैट मशीन में उल्लेख आईडी नंबर सहित सूची राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई। रेण्डमाइजेशन वाली मशीन आईटी कालेज झगरहा के स्ट्रांग रूम में सुरक्षित तरीके से रखी जायेगी। कलेक्टर सौरभ कुमार ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया हेतु सभी दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे सूची के आधार पर ईवीएम बैलेट एवं कंट्रोल यूनिट, वीवी पैट का मिलान आईटी कालेज कोरबा में स्टंऊाग रूम में विधानसभावार रखते समय कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभावार मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन कर लिया गया है। रेण्डमाइजेशन पश्चात मशीनों को स्ट्रांग रूम में विधानसभा के अनुसार सूची उपलब्ध कराने के साथ सुरक्षित रखवाया जाएगा। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम एवं वीवी पैट मशीनों का रेण्डमाईजेशन किया गया। रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया में विधानसभा अंतर्गत कुल मतदान केंद्रों की संख्या से 20 प्रतिशत के मान से बैलेट एवं कंट्रोल यूनिट तथा 30 प्रतिशत वीवी पैट मशीनों का चयन किया गया। सर्वप्रथम विधानसभा रामपुर अंतर्गत कुल 284 मतदान केंद्रों हेतु 341 बैलेट एवं कंट्रोल यूनिट तथा 369 वीवी पैट मशीनों का रेण्डमाइजेशन किया गया। इसी तरह विधानसभा कोरबा अंतर्गत कुल 244 मतदान केंद्रों हेतु 293 बैलेट यूनिट एवं 293 कंट्रोल यूनिट तथा 317 वीवी पैट मशीनों का रेण्डमाईजेशन किया गया। विधानसभा कटघोरा अंतर्गत कुल 253 मतदान केंद्रों हेतु 304 बैलेट एवं 304 कंट्रोल यूनिट तथा 329 वीवी पैट मशीनों का रेण्डमाइजेशन किया गया और विधानसभा पाली तानाखार अंतर्गत कुल 300 मतदान केंद्रों हेतु 360 बैलेट एवं 360 कंट्रोल यूनिट तथा 390 वीवी पैट मशीनों का रेण्डमाइजेशन किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, विधानसभा क्रमांक 20.रामपुर के रिटर्निंग अधिकारी अपर कलेक्टर, प्रदीप कुमार साहू विधानसभा क्रमांक.21 कोरबा के श्रीकांत वर्मा, विधानसभा क्रमांक 22.कटघोरा की सुश्री रिचा सिंह तथा विधानसभा क्रमांक 23. पाली.तानाखार के रिटर्निंग अधिकारी हरिशंकर पैंकरा, नोडल अधिकारी सरोज महिलांगे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा पात्रे, डीआईओ हेमंत जायसवाल सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### ईवीएम बैलेट एवं कंट्रोल यूनिट, वीवी पैट का कराया गया स्कैनिंग

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए विधानसभावार अलॉट की गई ईवीएम मशीनों का स्कैनिंग कार्य कराया गया। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार, सभी रिटर्निंग अधिकारी तथा पुलिस बल की उपस्थिति में बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवी पैट मशीन के गोदाम को खोलकर बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवी पैट मशीन का स्कैनिंग कार्य प्रारंभ किया गया। स्कैनिंग पूर्ण होने के पश्चात् सभी ईव्हीएम को आईटी कॉलेज झगरहा स्थित स्ट्रांग रूम सुरक्षित रखा जाएगा। इस दौरान सम्पूर्ण प्रक्रियाओं का वीडियोग्राफी भी कराया गया।

# प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी द्वारा चैतन्य झांकी का आयोजन - जुट रही भीड़



**खरोरा।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से शाम चैतन्य नौ देवियों की झांकी का आयोजन किया गया द्यजिनको देखने के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ी। नवरात्र पर चेतन ने नौ देवियों की झांकी बनाई गई। जिनकी सभी श्रद्धालुओं ने विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना करते हुए आरती की ।कार्यक्रम ने आए अतिथियों का तिलक कर स्वागत किया गया उनके द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई.

ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय खरोरा प्रमुख उमा दीदी ने नवरात्र का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि नव रात्रि अर्थात पुराना सब समाप्त कर पुनः नए जीवन की शुरुआत और देवी अर्थात सदा देने वाली, देवी को शिव शक्ति कहा जाता है।अर्थात वह शिव से शक्ति लेकर भक्तों को प्रदान करती हैद्यहम नौ दिन तक तो देवियों को पूजते हैं और फिर विसर्जन करते हैं द्य हम अपने जीवन से बुराइयों का विसर्जन करें द्य जिससे हमारा जीवन श्रेष्ठ बने द्य देवियों की अष्ट भुजाए अष्ट शक्तियों की प्रतीक हैं

इस मौके पर खरोरा अग्रवाल समाज अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल,वॉइस चांसलर अमिटी यूनिवर्सिटी प्रोफ़ेसर पियूष कांत पांडेय, डॉ विनायक सिंह ठाकुर, अशोक शर्मा, आर डी जांगड़े व अन्य लोग मौजूद रहे.

# कलेक्टोरेट में प्रवेश के लिए रूट निर्धारित, नामांकन हेतु कक्ष तैयार

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

**विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत कोरबा जिले के चारों विधानसभाओं के लिए नामांकन की प्रक्रिया 21 अक्टूबर से प्रारंभ हो जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशन में अधिकारियों की टीम आवश्यक व्यवस्था हेतु लगाई गई है।**






चूंकि कलेक्टोरेट में ही नामांकन की प्रक्रिया होगी इसलिए यहां अलग-अलग विधानसभाओं के नाम-निर्देशन के लिए कक्ष निर्धारित करने के साथ ही नामांकन के लिए आने वाले प्रत्याशियों और अधिकारियों कर्मचारियों के प्रवेश हेतु रूट तय किया गया है।

कलेक्टोरेट में विधानसभा क्रमांक 20.रामपुर में नामांकन हेतु कक्ष क्रमांक 05 भू-तल, विधानसभा क्रमांक.21 कोरबा हेतु कक्ष क्रमांक 13 भू-तल, विधानसभा क्रमांक 22.कटघोरा हेतु कक्ष क्रमांक 37 प्रथम तल, विधानसभा क्रमांक 23. पाली.तानाखार हेतु कक्ष क्रमांक 23 भू.तल को निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थियों को परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए परिसर में संकेतक बोर्ड भी लगाए गए हैं। पाली तानाखार विधानसभा क्षेत्र के लिए नामांकन हेतु प्रवेश की व्यवस्था कलेक्टर कार्यालय के पीछे कॉफी हाउस के पास प्रवेश द्वारा से की गई है। नाम निर्देशन के समय रिटर्निंग कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में केवल तीन वाहनों को अनुमति होगी एवं अभ्यर्थी समेत केवल 5 व्यक्ति को आने की अनुमति मिलेगी। सर्वप्रथम अभ्यर्थी नाम निर्देशन की निक्षेप राशि जमा कर रसीद प्राप्त करेगा। अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी अगर निक्षेप राशि में छूट चाहते है तो उन्हें सक्षम अधिकारी द्वारा छत्तीसगढ का जाति प्रमाण-पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी।

## अधिकारी-कर्मचारियों और मीडिया के लिए प्रवेश द्वार

कलेक्टोरेट में कार्यरत् अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रवेश के लिए अपना परिचय पत्र रखना होगा। अधिकारी-कर्मचारी के लिए प्रवेश हेतु कलेक्टर कार्यालय के पीछे के द्वार को निर्धारित किया गया है। वे कैंटीन के पास से प्रवेश करेंगे। इसी तरह मीडिया के लिए जिला पंचायत के सामने छायादार बैठक व्यवस्था की गई है। मीडिया कर्मी अपना परिचय पत्र दिखाकर जिला पंचायत के मुख्य द्वार से प्रवेश करेंगे और निर्धारित स्थान पर रहकर कव्हरेज सुनिश्चित करेंगे। नाम.निर्देशन पत्र की बिक्री तथा नामांकन जमा किए जाने के संबंध में जानकारी प्रतिदिन जनसंपर्क विभाग के माध्यम से फोटो.वीडियो के साथ उपलब्ध कराई जाएगी।

# बाराद्वार मंडल चुनाव कार्यालय उद्घाटन संपन्न




जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही प्रत्याशियों का चुनावी कार्यक्रम जनसंपर्क चुनाव कार्यालय उद्घाटन क्षेत्र में लगातार चालू है इसी कड़ी में आज शक्ति विधानसभा भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर खिलावन साहू की अगवाई में बाराद्वार बस स्टैंड संदीप मेडिकल स्टोर के बगल में बाराद्वार मंडल चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा एवं वर्तमान भाजपा प्रत्याशी जांजगीर नारायण चंदेल के कर कमल से किया गया जिसमें प्रमुख रूप से इंजीनियर कुमार शैलेंद्र विधायक विधानसभा विहपुर भागलपुर, बिहारद्ध मुख्य अतिथि के रूप में थे।

तत्पश्चात 1,2,3,4, एवं 11 वार्ड नंबर में जनसंपर्क कार्यक्रम किया गया

इस अवसर पर सक्ती जिला भाजपा से प्रमुख रूप से जिला प्रभारी गोपाल भल्ला विधानसभा प्रभारी विकास केडिया वरिष्ठ भाजपा नेता राम अवतार अग्रवाल जिला कोषाध्यक्ष राम नरेश यादव जिला महामंत्री टिकेश्वर सिंह गबेल रमेश सिंघानिया दीपक गुप्ता रंजन सिंहा अनूप अग्रवाल अमन डालमिया, कोसमंदा से सुरेश राठौर दाऊराम राठौर कांत साहू, जिला सहमिडिया प्रभारी नारायण राठौर परसन राठौर, महिला मोर्चा अध्यक्ष कमलेश जांगडे अनीता यादव सहित अनेक महिला भाजपा कार्यकर्ता एवं भाजपा के अनेक जेस्ट श्रेष्ट कार्यकर्ता गढ़ उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने की सन्नी सिंह और चेलवा बराई के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही

**कोरबा** । कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोरबा श्री सौरभ कुमार ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-3 एवं 5 के तहत सन्नी सिंह, पिता स्व. गोकुल सिंह उम्र 28 वर्ष, पता - भदरापारा वार्ड क्रमांक 36 पाड़ीमार थाना बालको को जिला बदर करते हुए आदेशित किया है कि वह 24 घंटे के अन्दर कोरबा राजस्व जिला तथा समीपवर्ती जिला जशपुर, सक्ती, सरगुजा, सुरजपुर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, कोरिया, जांजगीर-चांपा, रायगढ़ एवं बिलासपुर जिले क्षेत्र से 01 वर्ष की अवधि के लिए बाहर चले जाए और जब तक यह आदेश लागू रहेगा, बिना वैधानिक पूर्वानुमति लिए कोरबा जिले एवं उक्त उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश न करें। उन्होंने इस आदेश का तुरंत पालन किए जाने का निर्देश देते हुए कहा है कि आदेश का पालन न किए जाने पर संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। इसी तरह कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोरबा श्री सौरभ कुमार ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-3 एवं 5 के तहत चेलवा बराई उर्फ सेलवा उर्फ चेरवा, पिता रामदास मद्रासी बराई उम्र 34 वर्ष पता मोतीसागर पारा थाना कोतवाली को जिला बदर करते हुए आदेशित किया है कि वह 24 घंटे के अन्दर कोरबा राजस्व जिला तथा समीपवर्ती जिला जशपुर, सक्ती, सरगुजा, सुरजपुर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, कोरिया, जांजगीर-चांपा, रायगढ़ एवं बिलासपुर जिले क्षेत्र से 01 वर्ष की अवधि के लिए बाहर चले जाए और जब तक यह आदेश लागू रहेगा, बिना वैधानिक पूर्वानुमति लिए कोरबा जिले एवं उक्त उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश न करें।

# डोंगदरहा, अंजोरीपाली एवं भैंसमा के मतदाताओं ने शत प्रतिशत मतदान करने का लिया संकल्प

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।







कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा तथा जिला स्वीप नोडल अधिकारी विश्वदीप के निर्देशन में ग्राम भैंसमा, डोंगदरहा व अंजोरीपाली में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत ग्रामीणों को लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना विशिष्ट योगदान देने हेतु शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। ग्रामीणों को स्वीप दल द्वारा मतदाता जागरूकता स्लोगन हम निष्पक्ष होकर शत प्रतिशत मतदान करेंगे की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में गांव के बुजुर्ग, पुरुष, महिला सहित युवा मतदाता एवं नवविवाहिताओं ने कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक भाग लिया। उन्होंने आगामी विधानसभा निर्वाचन में बिना किसी व्यक्तिगत लाभ, भय, बहकावे, लोभ.प्रलोभन के नि:स्वार्थ होकर निष्पक्ष वोट डालने का संकल्प लिया। इस दौरान उपस्थित मतदाताओं को स्कूली बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक के जरिए मतदान में बिना भय, लालच व प्रलोभन के मतदान महापर्व को त्यौहार के रूप में मानने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही जागरूकता टीम द्वारा ग्रामीणों को दिव्यांग मतदाता व 80 वर्ष से ऊपर आयु के बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान के दौरान दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# ईवीएम मशीनों का किया गया प्रथम रेण्डमाईजेशन

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुई प्रक्रिया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए ईवीएम मशीनों का आज प्रथम रेण्डमाईजेशन कलेक्ट्रेट रायगढ़ में किया गया। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट के साथ सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इस दौरान जिले की सभी विधानसभाओं के मतदान केंद्रों के लिए मशीनों का रेण्डमाईजेशन कर पृथक्करण किया गया। जिसके पश्चात सभी अधिकारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा ईवीएम वेयर हाउस का भी निरीक्षण किया गया। इस मौके पवन शर्मा, राजेश पाण्डेय, नित्यानंद देवांगन,आशीष शर्मा,रवि सावरिया, बसंत कुमार दुबे, प्रिंकल दास, चंद्रपभा पटेल एवं अरूण अग्रवाल उपस्थित रहे।

# देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर** । उरला पुलिस ने राजेन्द्र नगर रोड में अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 नग देशी कट्टा व 5 नग जिंदा कारतूस जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि राजेन्द्र नगर रोड में एक युवक देशी कट्टा लेकर लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पलिस ने आरोपी रूपेश कुमार यादव 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 नग देशी कट्टा व 5 नग जिंदा कारतूस जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# राजनीतिक दल के पदाधिकारियों को कराया गया नाम निर्देशन कक्ष का अवलोकन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



भारत निर्वाचन आयोग के दिशा.निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार और रिटर्निंग अधिकारियों की उपस्थिति में कोरबा जिले के चारो विधानसभा के लिए निर्धारित नाम निर्देशन कक्ष का अवलोकन राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को कराया गया। कोरबा जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए नाम.निर्देशन की प्रक्रिया 21 अक्टूबर से प्रारंभ हो रही है। इसी कड़ी में राजनीतिक दल के पदाधिकारियों को उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सीमा पात्रे द्वारा कलेक्ट्रेट में भू-तल एवं प्रथम तल में निर्धारित नाम.निर्देशन कक्ष तैयार किया गया है। नाम-निर्देशन हेतु अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू को विधानसभा क्रमांक 20-रामपुर कक्ष क्रमांक 05 भू.तल के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह विधानसभा क्रमांक.21 कोरबा हेतु कक्ष क्रमांक 13 भू-तल में अनुविभागीय अधिकारी कोरबा श्रीकांत वर्मा को रिटर्निंग अधिकारी,विधानसभा क्रमांक 22-कटघोरा हेतु अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा सुश्री रिचा सिंह कक्ष क्रमांक 37 प्रथम तल में रिटर्निंग अधिकारी तथा विधानसभा क्रमांक 23 पाली.तानाखार हेतु कक्ष क्रमांक 23 भू-तल में अनुविभागीय अधिकारी पोड़ी उपरोड़ा हरिशंकर पैंकरा को रिटर्निंग अधिकारी अधिसूचित किया गया है। राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए नामांकन हेतु निर्धारित कक्ष का अवलोकन कराया गया।

# सरस्वती शिशु मन्दिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शारदीय नवरात्रि पर्व पर 151 कन्याओं का पूजन एवं कन्या भोज



जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

सरस्वती शिशु मंदिर उत्तर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में नवरात्रि पर्व पर 151 कन्याओं का पूजा कर भोज कराया गया पूजन कार्यक्रम कराया गया। विद्यालय के कन्या भारती, शिशु भारती, बालिका शिक्षा दीदियों द्वारा कन्या भोज व बाल भारती कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम के तहत विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी पाटकर मार्गदर्शन में दीदियों द्वारा शिशु कक्षा अरुण से चतुर्थ तक के 151 बालिकाओं का पूजा-अर्चना किया गया कन्या, मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती की रूप होती है। इस तरह कन्यायों का पूजन किया गया पश्चात श्रृंगार सामग्री देकर कन्या भोजन संपन्न कराया गया। इस कार्यक्रम में अंबिका बंछोर नगर पंचायत खरोरा एल्डर मैन कृष्णा अग्रवालब अग्रवाल महिला मंडल के अध्यक्ष खरोरा,रुचि अग्रवाल रंजीता गुप्ता बालिका शिक्षा प्रमुख, कु.डिंपल मानिकपुरी शिशु वाटिका प्रमुख, कंचन वर्मा, संतोषी यादव दमयंती डड़सेना, एवं इस कार्यक्रम में सभी कक्षाचार्यो-दीदियों का मार्गदर्शन रहा। जिसका सराहना पूरा विद्यालय परिवार कर रहा है।

# नवयुवक दुर्गा मण्डल का 37 वां वार्षिकोत्सव, भव्य भगवती जागरण का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।





जिले की अग्रणी सामाजिक व धार्मिक संस्था नव युवक दुर्गा मण्डल का 37 वां वार्षिकोत्सव आज दुर्गा पंडाल भैयाथान रोड में भव्य भगवती जागरण के साथ संपन्न होगा। मंडल प्रमुख मदनलाल गोयल ने बताया कि प्रतिवर्ष की भाति सप्तमी के दिन मां भगवती का भव्य जागरण कर मण्डल अपना वार्षिकोत्सव मनाती आ रही है। इस वर्ष 37 वें वार्षिक उत्सव पर सुंदर व जीवंत झांकियों के साथ माता को चुनरी भेंट व गजरा अर्पण सहित विशेष आकर्षण के बीच भजन गायिका आयुषी शुक्ला बिलासपुर, कपिल चौरे बिलासपुर के साथ निलेश मित्तल मोंटू म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा भजनों की विशेष प्रस्तुति दी जायेगी। उल्लेखनीय है कि विभिन्न सामाजिक कार्यों के लिए जिले की अग्रणी संस्था नवयुवक दुर्गा मंडल का सामाजिक व जनसेवी प्रकल्पों में प्रमुख स्थान है। प्रत्येक मंगलवार को दुर्गा पंडाल में अनवरत कीर्तन के साथ देवगढ़, कुदरगढ़, जमड़ी में विभिन्न धार्मिक आयोजनों के लिए मण्डल जाना पहचाना जाता है। इसके अतिरिक्त सामाजिक दायित्वों में भी मंडल के द्वारा पूर्व में संगीत विद्यालय का संचालन करने के साथ.साथ निर्धन कन्या विवाह व भण्डारे इत्यादि के लिए मंडल प्रमुख रहा है। 37 वें वार्षिक उत्सव के अवसर पर वृहद व विशाल कार्यक्रम में मंडल के मार्गदर्शक धर्मवीर बंसल, मंडल प्रमुख मदनलाल गोयल, व्यवस्थापक नरेश बंसल व अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने अधिक से अधिक माता भक्तों से अपील कर 37 वें वार्षिक उत्सव में उपस्थित होने की अपील भक्तों से की है।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, शनिवार 21 अक्टूबर 2023

## रवि तेजा की टाइगर नागेश्वर राव की बुकिंग शुरू




एड्रेनालाईन-पंपिंग सिनेमाई अनुभव के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि मास महाराजा रवि तेजा अपनी आगामी ब्लॉकबस्टर, टाइगर नागेश्वर राव के साथ बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। एक्शन से भरपूर इस थ्रिलर में रवि तेजा और नूपुर सेनन, गया और रेनू देसाई जैसे प्रतिभाशाली कलाकार शामिल हैं। वामसी और अभिषेक की गतिशील जोड़ी द्वारा निर्देशित और एएआर्ट्सऑफिशियल बैनर के तहत अभिषेक अग्रवाल द्वारा निर्मित, यह फिल्म एक विद्युतीकरण एक्शन ड्रामा पेश करने के लिए तैयार है जो आपको अपनी सीटों से बांधे रखेगी। उत्साह बढ़ रहा है, और अच्छी खबर यह है कि टाइगर नागेश्वर राव अब बुकिंग के लिए खुला है! कार्रवाई का हिस्सा बनने का मौका न चूकें।



## मिलन लूथरिया ने सुल्तान ऑफ दिल्ली में बेस्ट परफॉर्मेंस देने किया प्रेरित:मेहरीन पीरजादा

एक्ट्रेस मेहरीन पीरजादा, जिन्होंने पहले फिल्लौरी में अपनी छाप छोड़ी थी, अब हाल ही में रिलीज हुई सुल्तान ऑफ दिल्ली मिनी-सीरीज में संजना के रूप में जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं। सुल्तान ऑफ दिल्ली पीरियड क्राइम थ्रिलर सीरीज है, जो नॉवेल सुल्तान ऑफ दिल्ली : असेंशन से प्रेरित है।

इस सीरीज में, मेहरीन एक दयालु लड़की संजना का किरदार निभा रही है, जो प्यार की गहराइयों में उतरती है और लगातार मिल रहे धोखे से टूट जाती है। दुर्व्यवहार के चलते उसका जीवन और भी दयनीय हो जाता है।

यह शो मिलन लुथरिया के स्किल डायरेक्शन में मास्टरफुल क्राफ्ट से तैयार किया गया है। इस रोमांचक कहानी में भावनाओं और साज़िश के रोलरकोस्टर के लिए तैयार हो जाइए!

मेहरीन ने कहा कि सीरीज करना रोमांचक था क्योंकि मिलन सर इसे ऐसे शूट करते हैं जैसे यह एक फिल्म हो। अभिनेत्री ने कहा, यह 70 मिमी का अनुभव था। सीन्स को काटने का कोई प्रयास नहीं किया गया। मुझे मिलन सर के साथ काम करना अच्छा लगा। उनके साथ शूटिंग करना शानदार था। मुझे नहीं पता था कि वह मुझे क्या करने को देंगे। लेकिन, सेट पर पूरी तरह फ्रीडम थी। वह आपको बताते हैं कि वह आपसे क्या उम्मीद करते हैं। लेकिन, आप उस कैरेक्टर और उसकी आत्मा तक कैसे पहुंचते हैं, यह आप पर निर्भर करता है। वह बेहद तेज हैं और बहुत कम समय में सीन कर सकते हैं। सेट पर माहौल मस्ती भरा था, जिसके चलते 40 डिग्री में शूटिंग करना भी आसान लग रहा था।

## शादी के बाद कियारा आडवाणी ने कराया अब तक का सबसे बोल्ड फोटोशूट

### वीडियो देख फैंस की बढ़ी धड़कन

बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी अपने नए नए लुक से आए दिन फैंस के दिलों की धड़कने बढ़ाती रहती हैं.हाल में एक्ट्रेस ने अपने नए फोटोशूट से लोगों का दिल जीत लिया है. इस वायरल फोटोशूट में एक्ट्रेस का हॉट एंड बोल्ड लुक देखने को मिल रहा है.

कियारा आडवाणी ने एक मैगजीन के कवर पेज के लिए लोटोस्ट फोटोशूट करावाया है, जिसकी वीडियो उन्होंने अपने इंस्टा पर भी शेयर किया है. इस वीडियो में एक्ट्रेस सिमरी ग्रीन कलर के आउटफिट में दिख रही हैं. कियारा ने अपना ये बोल्ड लुक ओपन फ्लिक हेयर के साथ पूरा किया है. वीडियो में एक्ट्रेस एक से बढ़कर एक पोज देती नजर आ रही हैं.

वहीं दूसरे वीडियो में कियारा व्हाइट कलर के आउटफिट में दिख रही हैं. उन्होंने लॉग व्हाइट स्कर्ट और टिनी टॉप कैरी किया है. जिस पर हैवी वर्क है. कियारा ने अपना ये लुक भी ओपन हेयर के साथ पूरा किया है. एक्ट्रेस जमकर अपना टोन्ड फिगर फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं. हर कोई एक्ट्रेस के लुक की जमकर तारीफ कर रहा है.

एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी फोटोज भी शेयर की हैं. एक फोटोज में वह ब्लू कलर के आउटफिट में नजर आ रही हैं. वहीं दूसरी फोटोज में उन्होंने लाइट ब्लू कलर की डीपनेक गाउन पहनी है. कियारा आडवाणी की इन फोटोज ने सोशल मीडिया का पारा हाई कर दिया है.



## सलमान खान ने जारी किया टाइगर 3 का नया पोस्टर, 12 नवंबर को रिलीज होगी फिल्म



टाइगर 3 टाइगर जिंदा है और एक था टाइगर का सीक्वल है. एक्टर सलमान खान, कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी की विशेषता वाली टाइगर सीरिज का तीसरा पार्ट फैंस को बेहद पसंद है. हाल ही में फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी किया और इसे फैंस से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है. सलमान खान और कैटरीना कैफ ने ट्रेलर को लेकर फैंस के उत्साह का खुलासा किया, वहीं फिल्म निर्माताओं ने फिल्म का एक नया पोस्टर भी जारी किया है, जिसमें सलमान खान, कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी नजर आ रहे हैं. टाइगर 3 के ट्रेलर ने फैंस के बीच भारी उत्साह पैदा कर दिया है क्योंकि वे इसे बड़े पर्दे पर देखने के लिए उत्सुक हैं. जहां फिल्म के ट्रेलर को अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी, वहीं फिल्म के निर्माता अब फिल्म का एक नया पोस्टर लेकर आए हैं जिसमें सलमान खान और कैटरीना कैफ नजर आ रहे हैं. इमरान हाशमी भी पोस्टर में दिखाई देते हैं और पोस्टर में एक खलनायक के रूप में अपना लुक दिखाते हुए उत्सुक नजर आ रहे हैं.

फिल्म के ट्रेलर का 16 अक्टूबर को अनावरण किया गया और दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया. ऐसा लगता है कि उनकी प्रतिक्रिया ने सलमान खान और कैटरीना कैफ को खुशी से भर दिया है, क्योंकि उन्होंने प्यार के उमड़ने पर प्रतिक्रिया साझा की है. कैटरीना कैफ का धांसू लुक देख फैंस हैरान हो गए हैं।

## शिवराजकुमार ने घोस्ट में अकेले किए कई खतरनाक स्टंट



कन्नड़ सुपरस्टार शिवराजकुमार की अपकमिंग एक्शन-थ्रिलर फिल्म घोस्ट एक ग्रैंड फिल्म है, जिसमें कई पावर-पैक और खतरनाक स्टंट हैं। एक्टर ने ये सभी खतरनाक स्टंट अपने दम पर किए हैं। बीरबल ट्रिलॉजी केस पार्ट 1 के निर्देशक ने कहा, मैं शिवन्ना (शिवराजकुमार का दूसरा नाम) को स्टंट करते देखकर हैरान था। हमने बॉडी डबल की पेशकश की लेकिन उन्होंने मना कर दिया। उन्हें स्टंट करते देखना प्रेरणादायक था। प्योर टॉम क्रूज और अक्षय कुमार फैशन में शिवन्ना ने खतरों की परवाह किए बिना कई पावर-पैक और खतरनाक साहसी स्टंट अपने दम पर किए हैं। हालांकि, घोस्ट में, रणरंगा अभिनेता ने अपने करियर के अब तक के सबसे कठिन स्टंट किए। अपने एक्शन सीन के लिए, फिल्म में तीन अलग-अलग स्टंट निर्देशकों के साथ-साथ तेलुगु इंडस्ट्री से एक फाइट मास्टर भी शामिल थे। शिवन्ना को उनकी कोरियोग्राफी में मदद करते हुए, क्रू के सभी सदस्य अभिनेता के कारनामों और उनके समर्पण से बहुत प्रभावित हुए।

## राधे-राधे दन दिया रास गाना खूबसूरत नवरात्रि उत्सव है : दीपशिखा नागपाल




सिंगर दीपशिखा नागपाल का गाना राधे-राधे दन दिया रास दिल को छू लेने वाला गाना है, जो खूबसूरती से पूरी भावना के साथ नवरात्रि का जश्न मनाता है।

गाने में क्लासिकल इंस्ट्रूमेंटेशन के साथ, गरबा, लोक और शास्त्रीय संगीत का एक शक्तिशाली मिश्रण है। दीपशिखा नागपाल की आवाज गाने के साथ पूरी तरह से मेल खाती है, जिसके चलते गाना उत्सवपूर्ण और आनंदमय बन गया है।

हालांकि, राधे-राधे दन दिया रास को बेहतरीन बनाने में निर्माता डीजे शेजवुड का भी अहम योगदान है। नवरात्रि या गरबा पसंद करने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए, डीजे शेजवुड के म्यूजिक के साथ दीपशिखा का गायन नृत्य प्रेमियों के लिए एक संपूर्ण आनंद है। राधे-राधे डांडिया रास पूरी तरह से नवरात्रि के सार को दर्शाता है। लोगों को डांस करने, गरबा नाइट्स और डांडिया कार्यक्रमों का आनंद लेने के लिए एक साथ लाता है। दीपशिखा नागपाल ने गाने के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा, राधे-राधे दन दिया रास एक गीत से कहीं अधिक है। यह नवरात्रि का उत्सव है। यह गाना परंपरा और समसामयिक धुनों का एक वाइब्रेंट टेपेस्ट्री है, जिसे इस खूबसूरत त्योहार के जादू को जीवंत करने के लिए प्यार और महान भक्ति के साथ बनाया गया है। डीजे शेज़वुड ने भी गीत के बारे में अपना दृष्टिकोण साझा किया, और कहा, यह गाना एक म्यूजिकल जर्नी है, जो आधुनिक दुनिया की ऊर्जा को नवरात्रि की आध्यात्मिकता के साथ जोड़ती है।

# खेल




**पुणे।** भारत ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 में लगातार चौथी जीत दर्ज की। टीम ने पुणे के MCA स्टेडियम में बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया। मैच में भारत की ओर से विराट कोहली ने शतक लगाया। ये उनके वनडे करियर का 48वां शतक रहा, इसके साथ ही उनके तीनों फॉर्मेट में 26 हजार रन भी पूरे हो गए। उन्होंने दोनों ही रिकॉर्ड पार करने के लिए सबसे कम पारियां लीं। रोहित शर्मा ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच में 2 छक्के लगाए। इसी के साथ उनके इस साल बतौर कप्तान तीनों फॉर्मेट मिलाकर 61 सिक्स हो गए। उनसे ज्यादा छक्के एक साल में दुनिया के किसी कप्तान ने नहीं लगाए।

## कोहली के नाम फास्टेस्ट 26000 इंटरनेशनल रन का रिकॉर्ड

### रोहित के वर्ल्ड कप चेज में सबसे ज्यादा रन, इस साल 61 सिक्स लगाए

वहीं, रोहित के वनडे वर्ल्ड कप में टारगेट का पीछा करते हुए सबसे ज्यादा रन भी हो गए हैं।विराट कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ अपनी पारी में 77वां रन लेते ही इंटरनेशनल क्रिकेट में 26 हजार रन पूरे कर लिए। कोहली के नाम वनडे में 13,342, टेस्ट में 8,676 और टी-20 में 4,008 रन हैं। तीनों फॉर्मेट मिलाकर 26 हजार रन बनाने के लिए उन्होंने महज 567 पारियां लीं। जिस कारण उन्होंने सबसे तेज 26 हजार रन पूरे किए। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 600 पारियों में इतने रन बनाए थे।

विराट कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ विनिंग सिक्स लगाया। इसी छक्के के साथ उन्होंने अपना शतक भी पूरा किया, जो उनके वनडे करियर की 48वीं सेंचुरी रही। इसके लिए उन्होंने महज 273 पारियां लीं। उन्होंने सचिन का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 438 पारियों में अपना 48वां वनडे शतक लगाया था।

खास बात ये भी रही कि सचिन ने अपना 48वां वनडे शतक वर्ल्ड कप के दौरान भारत में ही लगााया था। उन्होंने नागपुर के मैदान पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ 111 रन की पारी खेलकर अपनी 48वीं सेंचुरी पूरी की थी। वनडे में सबसे ज्यादा 49 शतक सचिन के ही नाम है, 48 सेंचुरी के साथ विराट दूसरे नंबर पर हैं।

बांग्लादेश के खिलाफ 103 रन की पारी के लिए विराट कोहली को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। उन्होंने ICC टूर्नामेंट में 11वीं इस अवॉर्ड को जीता। इसी के साथ वह ICC टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा बार इस अवॉर्ड को जीतने वाले भारतीय खिलाड़ी बने। उन्होंने सचिन का रिकॉर्ड तोड़ा, जो ICC टूर्नामेंट में 10 बार प्लेयर ऑफ द मैच रहे हैं।




**सबसे तेज 26 हजार इंटरनेशनल रन**

| प्लेयर | देश | पारियां |
|---|---|---|
| विराट कोहली | भारत | 567 |
| सचिन तेंदुलकर | भारत | 600 |
| रिकी पॉन्टिंग | ऑस्ट्रेलिया | 624 |
| कुमार संगकारा | श्रीलंका | 625 |

## कोहली ने सिक्स जमाकर जिताया

### *48वीं सेंचुरी बनाई, सबसे तेज 26 हजार इंटरनेशनल रन पूरे किए; टीम इंडिया लगातार चौथा मैच जीती*

पुणे। टीम इंडिया ने वर्ल्ड कप 2023 में लगातार चौथी जीत हासिल की है। भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया। विराट कोहली (103* रन) ने 48वां वनडे शतक जमाया।



उन्होंने सबसे तेज 26 हजार इंटरनेशनल रन भी पूरे कर लिए हैं। विराट ने 567 पारियों में यह अचीवमेंट हासिल की। कोहली से पहले सचिन तेंदुलकर ने 600 पारियों में 26 हजारी बने थे।

पुणे के MCA मैदान पर गुरुवार को बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट पर 256 रन बनाए। 257 रन का टारगेट भारतीय बल्लेबाजों ने 41.3 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया।

कोहली के अलावा, शुभमन गिल (53 रन) ने 10वां अर्धशतक जमाया, जबकि कप्तान रोहित शर्मा ने 48 रनों का योगदान दिया।

### विराट के शतक के लिए राहुल ने सिंगल छोड़े

## कोहली ने विनिंग सिक्स मारकर सेंचुरी लगाई, हार्दिक पंड्या हुए इंजर्ड; टॉप मोमेंट्स




भारत ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 में लगातार चौथी जीत दर्ज की। पुणे के MCA स्टेडियम में टीम इंडिया ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया। मैच में विराट कोहली की सेंचुरी पूरी हो जाए, इसलिए केएल राहुल ने सिंगल दौड़ने से मना कर दिया।

रवींद्र जडेजा और केएल राहुल ने बेहतरीन फील्डिंग करते हुए डाइविंग कैच पकड़े। जडेजा ने एक ही बॉल पर 2 डायरेक्ट हिट मारे, जो सीधे स्टंप्स से लगे। भारत-बांग्लादेश मैच के ऐसे ही टॉप मोमेंट्स इस स्टोरी में हम जानेंगे... बांग्लादेश के ओपनर तंजिद हसन तमीम पारी की शुरुआत में LBW आउट होने से बच गए, क्योंकि टीम इंडिया ने रिव्यू नहीं लिया। दरअसल, 5वें ओवर की पहली बॉल जसप्रीत बुमराह ने लेग स्टंप पर फुलर लेंथ आउट स्विंगर फेंकी। तमीम ने बैट आगे कर सिंगल ले लिया, टीम इंडिया ने इस पर LBW की अपील की, लेकिन अंपायर ने नॉटआउट दे दिया। कप्तान रोहित शर्मा ने बुमराह से रिव्यू लेने के लिए पूछा, लेकिन गेंदबाज ने मना कर दिया। रिव्यू का टाइम बीत जाने के बाद मैदान में लगी टीवी स्क्रीन पर उसी गेंद का रीप्ले दिखाया गया, जिसमें दिखा कि बॉल तमीम के पैड्स पर लगी थी और अगर टीम इंडिया छ्रूरू लेती तो सफलता भी मिल जाती। इस वक्त तमीम 4 रन के स्कोर पर खेल रहे थे, उन्होंने 51 रन बनाए और लिट्टन दास के साथ 93 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप भी की।

### एक नजर

## हरियाणा में एशियन गेम्स मेडलिस्ट खिलाड़ियों का सम्मान

### CM ने 81 करोड़ दिए; नीरज चोपड़ा समेत 22 खिलाड़ी कार्यक्रम में नहीं पहुंचे




**करनाल।** हरियाणा के करनाल में आज एशियन गेम्स में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। CM ने 81 करोड़ की इनामी राशि खिलाड़ियों को दी। कार्यक्रम में गोल्ड मेडल जीतने वाले नीरज चोपड़ा समेत 22 खिलाड़ी नहीं पहुंचे। इस पर असंध विधायक शमशेर सिंह गोगी ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि BJP इस कार्यक्रम को लेकर राजनीति करना चाह रही थी। गोगी ने कहा कि सच्चाई तो यह है कि खिलाड़ी सरकार की खेल नीतियों से खुश नहीं है। इसका परिचय आज करनाल में सरकार द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में न पहुंचकर खिलाड़ियों ने दे दिया है और उन्होंने CM को इस लायक भी नहीं समझा कि वो उनसे सम्मान लें। वहीं मुख्यमंत्री ने कहा गया कि कार्यक्रम में 22 खिलाड़ी किसी कारण वश नहीं पहुंच पाए है। उनके परिवार के लोग कार्यक्रम में आए है। बता दें कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल सुबह करीब साढ़े 9 बजे ही इस कार्यक्रम में पहुंचे गए थे। कार्यक्रम में केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को भी पहुंचना था, लेकिन वह किसी कारण वश कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाए। वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम में जुड़े और खिलाड़ियों को बधाई दी। अनुराग ठाकुर ने हरियाणा में 15 खेलो इंडिया सेंटरों को खोलने की मंजूरी भी दी। जिनमें से आज 10 सेंटरों का उद्घाटन CM द्वारा कार्यक्रम में पहुंचने पर किया। अन्य पांच सेंटर भी आने वाले एक वर्ष से पहले ही खोल दिए जाएंगे।

### आंकड़ों में वर्ल्ड कप 2023

## रोहित बने टॉप स्कोरर, कोहली दूसरे नंबर पर; पॉइंट्स टेबल में न्यूजीलैंड अब भी नंबर-1

वनडे वर्ल्ड कप 2023 के 17 मैच खेले जा चुके हैं। गुरुवार को भारत ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराकर टूर्नामेंट में लगातार चौथी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ भारत के 4 मैचों में 8 पॉइंट्स तो हो गए, लेकिन रन रेट कम होने के कारण टीम पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर है। न्यूजीलैंड अब भी 8 पॉइंट्स के साथ टॉप पर है, जबकि बांग्लादेश 2 पॉइंट्स के साथ 7वें नंबर पर बरकरार है। 17वें मैच के बाद टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा टॉप स्कोरर बन गए, उनके नाम 4 मैचों में सबसे 265 रन हो गए।



टॉप बैटर
रोहित शर्मा (भारत)

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, शनिवार 21 अक्टूबर 2023

# पुसौर के बोरोडीपा में आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, कलेक्टर एवं एसएसपी हुए शामिल

## स्कूली बच्चों एवं लोगों ने मानव श्रृंखला बनाकर शत-प्रतिशत मतदान के लिए किया अपील

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिले में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज पुसौर के बोरोडीपा चौक में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।








जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली, कालेज के विद्यार्थियों सहित जनसामान्य ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों से शत-प्रतिशत मतदान के लिए अपील की। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार भी शामिल हुए है। इस अवसर पर उन्होंने जिलेवासियों को आगामी 17 नवम्बर को होने वाले मतदान में अपना बहुमूल्य मत देने हेतु अपील की।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि मतदान में प्रत्येक मत महत्वपूर्ण होता हैं, सभी वोट करे और कोशिश करें कि पुसौर विकासखण्ड में शत-प्रतिशत मतदान हो। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, साथ ही अपने आस-पास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर गोयल ने दिव्यांग मतदाता धनेश्वर शिकारी, 80 प्लस मतदाता बिजली साव तथा युवा मतदाता कु.रितु पटेल एवं कु.अनिता गुप्ता का सम्मान किए। इस दौरान कलेक्टर एवं एसएसपी हस्ताक्षर अभियान में शामिल हुए एवं हस्ताक्षर कर लोगों से मतदान के लिए आग्रह किया। मौके पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव ने सभी मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु शपथ दिलाई। जहां बड़ी संख्या में लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, जनपद सीईओ पुसौर महेश पटेल सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्कूली एवं कालेज के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### तख्तियों में संदेश लिखकर मतदान के लिए मतदाताओं से की अपील

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने मतदान की अपील हेतु तख्तियों में संदेश लिखकर रैली के माध्यम से मानव श्रृंखला बनाकर जनसामान्य को जागरूक किया। साथ ही महिलाओं ने रंगोली के माध्यम से आगामी 17 नवम्बर को अपना बहुमूल्य मतदान करने का आव्हान किया। आयोजन में बड़ी संख्या में स्कूली एवं कॉलेज के विद्यार्थी, स्वसहायता समूह की महिलाएं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### नारा-लेखन के माध्यम से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

**कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिले भर में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दीवार लेखन का भी कार्य किया जा रहा है। जिसमें लोकतंत्र का भाग्य विधाता, होता जागरूक मतदाता, बूढ़े हो या जवान, सभी करें मतदान, जन-जन का यह नारा है, मतदान अधिकार हमारा है जैसे विभिन्न श्लोगन के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए अपील की जा रही है।**

# एक नजर

## प्रथम रेण्डमाईजेशन के संबंध में हुआ प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।




विधानसभा निर्वाचन 2023 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार विगत दिवस जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जिसमें जिले में उपलब्ध ईव्हीएम एण्ड व्हीव्ही पेट मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन के उपरांत मशीनों को स्ट्रांगरूम में शिफ्ट करने व विधानसभावार निर्धारित ईव्हीएम एण्ड व्हीव्ही पेट मशीनों को उनके स्ट्रांगरूम में व्यवस्थित रखने हेतु संबंधित कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में संबंधित प्रभारी, नोडल अधिकारी एवं सहायक कर्मचारी तथा निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 17 नवम्बर मतदान के दिन कर्मचारियों के लिए सवेतन अवकाश स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशन में आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए रायगढ़ जिले में 17 नवम्बर 2023 को मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने मतदान दिवस को किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को सवेतन अवकाश के लिए रायगढ़ जिला अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा, खरसिया, धरमजयगढ़ एवं रायगढ़ में मतदान दिवस 17 नवम्बर 2023 को मतदान हेतु सवेतन अवकाश स्वीकृत किया है।

## कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने किया आदेश जारीः बिना अनुमति सभाए जुलूस आदि प्रतिबंधित

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी फरिहा आलम सिद्दीकी ने विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील को दृष्टिगत रखते हुए आदेश जारी की हैए जिसके अंतर्गत बिना अनुमति सभा, जुलूस, रैली, वाहन में लाउडस्पीकर का उपयोग आदि प्रतिबंधित है, जिन पर छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। चुनाव प्रचार सभाओं के आयोजन, सभाओं में लाउडस्पीकरों के उपयोग, प्रचार वाहनों में लाउडस्पीकर के उपयोगए जुलूस के मार्ग निर्धारण, जुलूस निकालने की अनुमति देने के संबंध में एतद् द्वारा अधिकारियों को सक्षम अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अंतर्गत जिला मुख्यालय पर अनुविभागीय दण्डाधिकारी सारंगढ़, अनुविभाग मुख्यालयों में संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसील मुख्यालयों में तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, उप तहसील मुख्यालय में नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी से अनुमति प्राप्त किया जा सकता है।

## जनता कांग्रेस ने पहली सूची में उतारे 16 उम्मीदवार

**रायपुर** । जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ की केंद्रीय चुनाव समिति ने छत्तीसगढ़ में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में 16 प्रत्याशियों की घोषणा की गई है।

जारी सूची में पंडरिया से रवि चंद्रवंशी, कवर्धा से सुनील केसरवानी, खैरागढ़ से लक्की कुंवर नेताम, डोंगरगढ़ से लोकनाथ भारती, राजनांदगांव से शमशुल आलम, डोंगरगांव से मुकेश साहू, खुज्जी से विनोद पुराम, मोहला मानपुर से नागेश पुराम, कोण्डागांव से शंकर नेताम, नारायणपुर से बलिराम कचलाम, बस्तर से सोनसाय कश्यप, जगदलपुर से नवनीत चांद, चित्रकोट से भरत कश्यप, दंतेवाड़ा से बेला तेलाम, बीजापुर से रामधर जुर्री व कोंटा से देवेन्द्र तेलाम को प्रत्याशी घोषणा की है।

# ईव्हीएमए व्हीव्ही पैट, स्वीप एवं स्वास्तिक की आकृतियां बनाकर मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कंदरई में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देषनए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री लीना कोसम, संयुक्त कलेक्टर एवं जिला उप निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियंका वर्मा के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कंदरई के छात्र-छात्राओं के द्वारा ईव्हीएमए व्हीव्ही पैट, स्वीप एवं स्वास्तिक आदि आकृति प्रदर्शित की गई तथा विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण करते हुए रैली का आयोजन कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। विशाल मानव श्रृंखला में उपस्थित समस्त छात्रों एवं कर्मचारियों तथा ग्रामीणों को जिला सहायक स्वीप नोडल अधिकारी लता बेक के द्वारा मतदाता जागरूकता का शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य, संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिका, प्राथमिक एव माध्यमिक शाला के समस्त शिक्षक, जनशिक्षक, विकासखंड स्तरीय स्वीप नोडल सुनील कुमार पोर्ते, सुदर्शन दास, अजय कुमार देवांगन, बीपीओ जयराम प्रसाद उपस्थित थे।




# सैकड़ों की संख्या में बसपा व कांग्रेस कार्यकर्ता युवाओं ने थामा भाजपा का दामन

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति और कृष्णकांत चंद्रा जैसे दमदार, अनुभवी नेता को जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने से प्रभावित होकर जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के सौ से भी अधिक बहुजन समाज पार्टी व कांग्रेस कार्यकर्ता और युवाओं ने भाजपा का दामन थामा लिया है। सभी नव सदस्यों को भाजपा का गमझा भेंटकर उनका स्वागत किया गया। भाजपा प्रवेश करने वालों का कहना है कि उन्होंने क्षेत्र में एक बार कांग्रेस का और दो बार बहुजन समाज पार्टी का विधायक बनाकर देख चुके है, इन विधायकों ने क्षेत्र का विकास नहीं कर सके।

जैजैपुर के ग्रामों के बुनियादी जरूरत जैसी बिजली, पानी, सड़क आदि समस्या दूर नहीं कर सके जिस वजह बसपा और कांग्रेस के कार्यशैली से वे सभी नाराज है। वे इस बार भाजपा पार्टी का विधायक बनाना चाहते है। उनका मानना है कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में सरकार है और प्रदेश में भी भाजपा का सरकार बनेगा और क्षेत्र में भाजपा का विधायक रहेगा तो निश्चित रूप से देश, प्रदेश सहित क्षेत्र का विकास होगा। आगे कहा कि जैजैपुर भाजपा प्रत्याशी कृष्णकांत चंद्रा एक दमदार,अति अनुभवी और साफ सुथरी छवि के नेता है, वे बिना किसी पद पर आसीन ना होते हुए भी लगातार कई सालों से जनता की सेवा करते आ रहे हैं और ऐसे व्यक्ति अगर विधायक होंगे तो निश्चित रूप से क्षेत्र का विकास करेंगे।

# कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी एवं एसपी आशुतोष सिंह ने एफएसटी टीम का आकस्मिक निरीक्षण किया

## सिंघनपुर, साराडीह और टिमरलगा एफएसटी टीम को कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

विधानसभा निर्वाचन के दौरान जिले में अवैध एवं अन्य संदिग्ध परिवहन पर कार्यवाही के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी और पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह ने सारंगढ़ विकासखंड के सिंघनपुर, साराडीह और टिमरलगा में महानदी के किनारे स्थापित अस्थाई चेकपोस्ट में कार्यरत स्थैतिक निगरानी दल एफएसटी, के कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर डॉ.सिद्दीकी एवं एसपी आशुतोष सिंह ने स्थैतिक निगरानी दल के टीम में कार्यरत कर्मचारियों और उनके द्वारा किए गए कार्यवाही की जानकारी ली। एसपी आशुतोष सिंह ने तीनों चेक पोस्ट में कहा कि सभी वाहनों की चेकिंग के दौरान जो वैध पाए जाते हैं उनको जाने की अनुमति दें और जिनके पास रेतए गिट्टी आदि का वैध लाइसेंस या अनुमति नहीं होने पर उन वाहनों पर कार्यवाही के लिए संबंधित थाना और अधिकारियों को सूचित करें। इसके साथ-साथ पैसा, भारी संख्या में कपड़ा, शराब आदि के परिवहन पर भी एफ एसटी टीम द्वारा कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण दौरे में जिला कोषालय अधिकारी चन्द्रपाल सिंह ठाकुर, उप.तहसील कोसीर के नायब तहसीलदार रूपाली मेश्राम उपस्थित थी। उल्लेखनीय है कि टिमरलगा एफ एसटी में अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज एवं डिप्टी कलेक्टर टीआर महेश्वरी के द्वारा 18 अक्टूबर की शाम को निरीक्षण किया गया था।





# राजनैतिक दलों के समक्ष हुआ ईव्हीएम का पहला रेण्डमाइजेशन



जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल व राजनीति दलों के अध्यक्ष व प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधानसभा चुनाव के लिए जिले के विधानसभा क्षेत्रों में उपयोग होने वाले ईव्हीएम और व्हीव्ही पैट मशीनों का प्रथम लेवल रेण्डमाइजेशन आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। रेण्डमाइजेशन प्रक्रिया के तहत ईव्हीएम आबंटन की प्रक्रिया पर उठने वाले सवालों और आपत्तियों की आशंका को खत्म किया जाता है। ईएमएस सॉफ्टवेयर से कंप्यूटर उपलब्ध सभी ईव्हीएम के नंबरों की सूची को दर्ज किया जाता है। फि र ईएमएस सॉफ्टवेयर अपने आप इन मशीनों को विधानसभाओं के बीच वितरित कर देता है। जिसके बाद कोई दल यह आरोप नहीं लगा सकेगा कि जानबूझकर कोई मशीन किसी विशेष विधानसभा अथवा बूथ में भेजी गई है। इसके साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा उपस्थित राजनीतिक दल के सदस्यों को नामांकन फ ॉर्म से संबंधित जानकारी भी दी गई और ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट वेयरहाउस का अवलोकन भी कराया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियंका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर नरेंद्र पैंकरा,रवि सिंह रिटर्निंग ऑफि सर 04 प्रेमनगर,सागर सिंह राज रिटर्निंग ऑफिसर 05,भटगांव एवं दीपिका नेताम रिटर्निंग ऑफि सर 06, प्रतापपुर एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# सड़क हादसा यात्रियों से भरी बस कारीआम के पास पलटी, हादसे में 2 की मौत 25 से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

शुक्रवार सुबह कारी आम बंजारी घाटी के पास यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। नरेश बस सर्विस की बस इलाहाबाद से 40 से 50 यात्रियों को लेकर दुर्ग जा रही थी। चालक ओमप्रकाश ने बताया कि कारीआम के पास बस का ब्रेक फेल हो गया था। चालक ने कई बार ब्रेक लगाने का प्रयास किया लेकिन ब्रेक नहीं लगा तो उसने खाई में गिरने से बचने के लिए बस को नीचे उतार दिया, लेकिन इस कोशिश में बस पलट गई। जिससे बस में सवार दो यात्रियों की मौत हो गई तो वहीं लगभग सभी यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए रतनपुर, पेंड्रा, बेलगहना लाया गया। जहां से गंभीर रूप से घायलों को सिम्स रेफ र किया जा रहा है। यह दुर्घटना शुक्रवार सुबह करीब 5.30 बजे घटित हुई दुर्घटना के बाद 7 घायल यात्रियों को इलाज के लिए रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बिलासपुर रेफ र किया गया है। इधर मौके पर पुलिस की टीम ने पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त बस को खाई से बाहर निकाला तो वहीं घायल यात्रियों को अस्पताल पहुंचाया गया है।







# नवरात्र गरबा के दूसरे दिन तनाज ईरानी से मिलने उमड़ पड़ा बिलासपुर

## आज शहर वासियों संग गरबा खेलने निशी सक्सेना आएगी

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।

**बिलासपुर के सबसे बड़े नवरात्र गरबा के दूसरे दिन भारी उत्साह बिलासपुर वासियों की देखने को मिली, क्लब रॉयल पार्क में हो रही नवरात्र गरबा के दूसरे दिन तनाज ईरानी ने सभी को गरबे धुन पर थिरकने पर मजबूर कर दिया।**



तीन दिवसीय नवरात्र गरबा की के दूसरे दिन 19 अक्तूबर को टीवी कलाकार तनाज ईरानी पहुंची और बिलासपुर वासियों संग गरबा की धुन पर साथ दिया। अपने पसंदीदा कलाकार को अपने बीच पाकर खुशी का ठिकाना नहीं था। खचाखच भरे मैदान में लोगों ने मोबाइल के टॉर्च जलाकर तनाज ईरानी का जोशीला स्वागत किया।

### हर जुबा पर नवरात्र गरबा 2023 की चर्चा

शहर में पिछले साल 2022 से शुरू हुई नवरात्र गरबा ने अपने पहले ही साल में लोकप्रिय हो गई, आयोजक पीछले तीन महीनों से इसकी तैयारी पर जुटे हुए थे। विगत वर्ष पारिवारिक माहौल में हुए इस गरबा को लोगों ने हाथो हाथ लिया, यही कारण है कि इस वर्ष भी लोगों ने सबसे पहला स्थान गरबा के लिए नवरात्र गरबा को चुना।

### रामूजी ग्रुप की रही विशेष तैयारी

छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े गरबा में विशाल मंच तैयार किया गया है, जहा शहर वासियों को आराम से अपने चेहेते कलाकारों को देखने में कोई दिक्कत नहीं होगी, वही सवा एकड़ जैसी बड़ी आउटडोर में लोग आराम से गरबा का आनंद ले रहे है।

### हर दिन आ रहे चहेते टीबी कलाकार

विगत वर्ष भी तीनों दिन टीवी कलाकार और बॉलीवुड फेम शहर में चर्चित रही, इस वर्ष भी तीनों दिन टीवी एक्ट्रेस शहर वासियों के साथ गरबा खेलेंगी। पहले दिन जहां अनुपमा फेम मुस्कान बामने पाखी बिलासपुर पहुंची वही दूसरे दिन 19 अक्तूबर को मशहुर एक्ट्रेस तनाज ईरानी पहुंची साथ ही आज तीसरे और अंतिम दिन अनुपमा फेम और सबकी चेहेती निशी सक्सेना डिंपीद्ध आ रही है। रामूजी ग्रुप द्वारा यह गरबा कराया जा रहा है जिसके आयोजनकर्ता है, राकेश प्रताप सिंह परिहार, अमित संतवानी, महफूज खान, उत्तपल सेनगुप्ता, गोविंद शर्मा नवरात्र गरबा समिति।

विधान सभा निर्वाचन 2023

## मतदान दलों के प्रशिक्षण में अत्यधिक मद्यपान का सेवन कर उपस्थित होने पर की गई कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

**शासकीय प्राथमिक शाला पटकोना के सहायक शिक्षक एलबी को तत्काल प्रभाव किया किया गया निलंबित**

जिला शिक्षा अधिकारी ने विधान सभा निर्वाचन 2023 हेतु मतदान दलों का प्रशिक्षण में बगीचा विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला पटकोना के सहायक शिक्षक एलबी संतुलाल भगत द्वारा अत्यधिक मद्यपान का सेवन कर उपस्थित होने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बगीचा द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार 18 अक्टूबर 2023 को विधान सभा निर्वाचन 2023 हेतु मतदान दलों का प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बगीचा में आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण में शासकीय प्राथमिक शाला पटकोना के सहायक शिक्षक एलबी संतुलाल भगत द्वारा अत्यधिक मद्यपान का सेवन कर उपस्थित होना, मद्यपान के नशे में बोल व चल नहीं पाने के कारण डॉक्टरी मुलाहिजा कराया गया। डॉक्टरी मुलाहिजा रिपोर्ट अनुसार संतुलाल भगत, सहायक शिक्षक एलबी द्वारा मद्यपान का सेवन किया जाना प्रमाणित पाया गया है। डीईओ ने बताया कि सहायक शिक्षक एलबी संतुलाल भगत का उक्त कृत्य छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 एवं नियम 23 के सर्वथा विपरीत है, जो कदाचरण की श्रेणी में आता है।

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया ईव्हीएम मशीनों का प्रथम रेंडीमाइजेशन

### स्ट्रांग रूम एवं ईवीएम वेयरहाउस का किया गया निरीक्षण







जोहार छत्तीसगढ़-

जशपुरनगर। उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर पी चौहान द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय के एनआईसी कक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधानसभा क्षेत्र जशपुर, कुनकुरी और पत्थलगांव पत्थलगांव के लिए ईव्हीएम और वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेंडीमाइजेशन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर आई एल ठाकुर, रिटर्निंग अधिकारी, कांग्रेस से अजय गुप्ता,शत्रांसु पाठक राजेश कुमार सिन्हा, रमीज खान, भाजपा से विजय सहाय,नरेश नंदे, जोगी कांग्रेस से अनोज गुप्ता, सीपीआई एम से अरशद आलम, बीएसपी से नंदलाल भगत, अजय राम, आम आदमी पार्टी से सुमित पाठक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। स्ट्रांग रूम एवं ईवीएम वेयरहाउस का किया गया निरीक्षण. इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ तहसील कार्यालय परिसर में स्थित स्ट्रांग रूम एवं ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। स्ट्रांग रूम एवं ईवीएम वेयरहाउस की ड्यूटी में कार्यरत कर्मचारियों को सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## भाजपा प्रत्यासी कृष्णकांत चन्द्रा के जनसंपर्क में उमड़ा जनसैलाब

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

**जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कृष्णकांत चंद्रा 20 अक्टूबर को विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रायपुरा, सरली, कोहारीपठान, हरदी, बिछिया, आमापाली, कोसमपाली, झालरौंदा में जन संपर्क करने पहुंचे।**



उन्होंने ग्रामों के घर-घर जाकर ग्रामवासियों से मिलकर उन्हें भारतीय जनता पार्टी को वोट देने की अपील करते हुए उनका आशीर्वाद लियाए जहां ग्रामवासियों ने उनका का पुष्पहार से जोरदार स्वागत किया। कृष्णकांत चंद्रा द्वारा ग्राम स्थित सतनाम धर्म के प्रतीक जैतखाम और भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का पूजा अर्चना किया। चंद्रा के साथ जन संपर्क अभियान में सैकड़ो ग्रामवासी शामिल होकर उनके साथ कदम से कदम मिलाते हुए नजर आए। कृष्णकांत चंद्रा ने कहा कि इस बार आप सभी भाजपा पार्टी को जिताकर सेवा का एक मौका दें और भाजपा पार्टी निश्चित रूप से क्षेत्र में विकास की गंगा बहाएगी क्योंकि भाजपा का सरकार पहले से ही केंद्र में है ही और आने वाले समय में प्रदेश में भी भाजपा का सरकार बनेगी तब नरेंद्र मोदी जी डबल इंजन से काम करेंगे। ऐसे समय इस क्षेत्र में भी भाजपा का विधायक होने से इस क्षेत्र का विकास होना सुनिश्चित है।

एक नजर

## सारंगढ़ और बिलाईगढ़ विधानसभा के लिए 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2023 तक नाम निर्देशन पत्र जमा होंगे

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

विधानसभा आम निर्वाचन 2023 अंतर्गत 21 अक्टूबर 2023 अधिसूचना का प्रकाशन तिथि है। विधानसभा क्षेत्र 17-सारंगढ़ के लिए कक्ष कलेक्टर न्यायालय जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया जाएगा। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 43-बिलाईगढ़ के लिए कक्ष न्यायालय अपर कलेक्टर जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया जाएगा। निर्धारित तिथि अनुसार नाम निर्देशन 21 अक्टूबर 2023 शनिवार को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। 22 अक्टूबर शनिवार को अवकाश है। 23 अक्टूबर 2023 सोमवार को नाम निर्देशन पत्र प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। 24 अक्टूबर 2023 मंगलवार को विजयादशमी-दशहरा के दिन अवकाश है। 25 26 और 27 अक्टूबर 2023 को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। 28-29 अक्टूबर शनिवार, रविवार को अवकाश है। 30 अक्टूबर 2023 सोमवार को नाम निर्देशन पत्र प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। 31 अक्टूबर 2023 मंगलवार को प्रातः 11 बजे से संवीक्षा किया जाएगा। नाम वापसी 2 नवंबर 2023 गुरूवार को अपरान्ह 3 बजे तक किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि द्वितीय चरण में मतदान की तिथि 17 नवंबर 2023 शुक्रवार को और मतगणना 3 दिसंबर 2023 रविवार को निर्धारित है।

विधानसभा निर्वाचन 2023

## आईआरएस यदुवंश यादव एवं आईआरएस ज्योतिष को व्यय प्रेक्षक नियुक्त

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 12.जशपुर के लिए आईआरएस यदुवंश यादव को व्यय प्रेक्षक बनाया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 13. कुनकुरी, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 14 पत्थलगांव के लिए आईआरएस ज्योतिष को व्यय प्रेक्षक नियुक्त गया है।

## सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में धारा 144 लागू, सशस्त्र रैली और आपत्तिजनक पोस्टर वितरण प्रतिबंधित

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी फरिहा आलम सिद्दीकी ने विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील के दौरान जिले में लोक परिशांति बनाये रखने तथा निर्वाचन प्रक्रिया एवं मतदान निर्विध्न, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने व प्रतिबंधात्मक उपाय हेतु भारतीय दण्ड संहिता की धारा-144 लागू करने का आदेश जारी की हैं। इसके अंतर्गत सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के अंदर कोई भी व्यक्ति, किसी भी प्रकार का घातक अस्त्र शस्त्र यथा बन्दूक, राइफल, भाला, बल्लम, बरछा लाठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान, आम सड़क, रास्ता, सार्वजनिक सभाओं एवं अन्य स्थानों पर नहीं चलेगा। कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी सशस्त्र जुलूस नहीं निकालेगा और न ही आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करेगा। यह आदेश उन शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें अपने कार्य संपादन के लिये लाठी या शस्त्र रखना आवश्यक है। यह आदेश उन शासकीय कर्मचारियों पर भी लागू नहीं होगा, जिन्हें चुनाव व मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा जिन्हें शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था तथा लंगड़ापन होने के कारण सहारे के रूप में लाठी रखना आवश्यक होता है। इस आदेश का उल्लघंन करने वाला व्यक्ति, दल भारतीय दण्ड विधान की धारा 188 के अंतर्गत दण्डनीय होगा। यह आदेश निर्वाचन प्रक्रिया समाप्ति तक संपूर्ण सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में प्रभावशील रहेगा।

## प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामलों में प्रभावित परिजन हेतु 04 लाख की राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6.4 के तहत् 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें आकाशीय बिजली गाज से बगीचा तहसील के ग्राम पिरई निवासी साहिल कुजूर की मृत्यु 04 जून 2023 को हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पिता कल्पेश कुजूर हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

विधानसभा आम निर्वाचन 2023

## नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि 21 से 30 अक्टूबर तक

### 17 नवम्बर को मतदान तथा मतगणना 3 दिसम्बर को होगी, कलेक्टर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की तैयारियों के तहत् कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.रवि मित्तल ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि 21 से 30 अक्टूबर तक समय पूर्वाह्न 11 से अपराह्न 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र लिए जाएंगे। अभ्यर्थियों की नाम वापसी की अंतिम तिथि 02 नवंबर तथा मतदान की तिथि 17 नवंबर को निर्धारित की गई है। 17 नवम्बर को मतदान तथा मतगणना 3 दिसम्बर को होगी की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ.मित्तल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आज नाम निर्देशन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जशपुर कुनकुरी, पत्थलगांव विधानसभा के लिए रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति की गई है जो अलग-अलग तीनों विधानसभाओं के लिए नाम निर्देशन कक्ष बनाया गया है। कलेक्ट्रेट कार्यालय में विधानसभा जशपुर के लिए कक्ष क्रमांक 5, कुनकुरी विधानसभा के लिए कक्ष क्रमांक 36 एवं पत्थलगांव विधानसभा के लिए कक्ष क्रमांक 13 को बनाया गया है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मीडिया के लिए नामांकन कक्ष से 100 मीटर की दूरी निर्धारित की गई है। कलेक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि ईवीएम एवं वीवीपीएटी का प्रथम रेंडमाइजेशन 20 अक्टूबर को किया जा रहा है एवं सेकंड रेंडमाइजेशन 4 नवंबर से 5 नवंबर तक किया जाएगा तथा कमिश्निंग 6 नवंबर से किया जाएगा। विधानसभा का निर्वाचन 2023 के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा सामान्य प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक की नियुक्त किया गया है। साथ ही सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सीसीटीव्ही कैमरा भी लगाया गया है। संगवारी मतदान केंद्र 10, युवा मतदान केंद्र एक आदर्श मतदान केंद्र पांच बनाए गए हैं।

## स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने में सभी अपनी भूमिका निभाएं-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी ने आज निर्वाचन कार्य से संबंधित सभी रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, सेक्टर ऑफिसर की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने के लिए सभी रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, सेक्टर ऑफिसर सहित सभी संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को अपने-अपने संबंधित कार्य पूरी जिम्मेदारी से करने कहा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मतदान करवाने के साथ ही अपने मताधिकार का उपयोग करना भी जरूरी है। जिसके लिए निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी कर्मचारी आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपने मताधिकार का उपयोग भी जरूर करें। बैठक में कलेक्टर ने निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारियों कर्मचारियों को चुनावी कार्यों में पूरा ध्यान लगाते हुए बिना किसी चूक के कार्य करने कहा है। उन्होंने बताया कि सभी अधिकारी अपनी वाणी का भी ध्यान रखें एवं अनावश्यक लापरवाही कर किसी प्रकार की कोई समस्या को आमंत्रण ना दें। बैठक में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने ट्रेनिंग के बारे में जानकारी देते हुए पचास प्रतिशत पोलिंग स्टेशन में वेबकास्टिंग के बारे में अवगत कराया एवं सभी सेक्टर अधिकारी को इसके लिए सर्टिफिकेशन देने एवं कैमरा लगाना सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने नॉमिनेशन के प्रक्रिया की जानकारी देते हुए सभी रिकॉर्ड व्यवस्थित रूप से संधारित रखे जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। बैठक में कलेक्टर ने सभी सेक्टर ऑफिसर से उनके संबंधित मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान एप्रोच रोड भवन की स्थिति, पेयजल, शौचालय, मतदान केंद्र क्रमांक का विवरण सहित अन्य आवश्यक जानकारी ली तथा अभी भी मतदान केंद्रों में किसी भी प्रकार की आधारभूत आवश्यकता की कमी होने पर तत्काल जानकारी दिए जाने कहा।

कलेक्टर ने सभी सेक्टर आफिसर को अपने.अपने निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रूट चार्ट सहित अन्य आवश्यक जानकारी स्पष्ट रखते हुए कार्य करने कहा। इसके साथ ही बैठक में पोस्टल बैलेट से संबंधित जानकारी सेक्टर अधिकारियों को प्रदान किया गया। जिसके अंतर्गत दिव्यांगजनों एवं दृष्टिबाधित मतदाताओं के द्वारा मतदान की प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई?। बैठक में समस्त सेक्टर अधिकारी सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री सड़क में ठेकेदार की मनमानी से ग्रामीणों में आक्रोश

## 5 इंच के बीएम के बाद 2 इंच कारपेट वर्क को अलग-अलग करने के बजाए एक साथ कर दिया ठेकेदार

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।



प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना में 16 करोड़ लागत की से बन रही 23 किमी सड़क चढ़ गई भ्रष्टाचार की भेंट,ग्रामीणों में आक्रोश। प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत घुमरापदर से खोखमा मार्ग पर,घुमरापदर से चुखली तक लगभग डेढ़ किमी लंबी अधूरे पेच का काम 8 माह बाद ठेका कम्पनी ने शुक्रवार से अचानक शुरू कर दिया। विभाग के इंजीनियर के गैर मौजूदगी में आनन फानन में शुरू हुए इस काम को लेकर ग्रामीण भी हैरान थे। ठेका कम्पनी मेसर्स फारूक वारसी के वर्कर ने शुक्रवार को डामरी करन का लेयर बिछाया था। वह शनिवार को उखड़ना शुरू हो गया। आज ग्रामीणों ने इसका विरोध शुरू कर दिया ।ग्राम सरपंच सोनाराम मांझी ने विभाग के एस डी ओ कमलेश चंद्राकर को फोन लगाकर मौखिक शिकायत किया ।काम बगैर किसी अफसर की मौजूदगी में हो रहा था, एसे एसडीओ ने नाजायज ठहराते हुए फोन पर ही काम

### उखड़ने लगी सड़क,ग्रामीणों की हल्ला बोल के बाद निर्माण कार्य प्रगति पर

रोकने का निर्देश दे दिया। कुछ घंटे काम बंद भी था लेकिन शाम साढ़े 5 बजते हो दोबारा शुरू कर दिया गया। ग्रामीण सुखदेव सोरी,जगबंधु विश्वकर्मा,देवनाथ मांझी ने बताया की इस कंपनी के द्वारा शुरू से ही घटिया काम किया जा रहा है। मूढगेलमाल कोदोभाठा की सड़क के डामर पहली बारिश में उखड़ने लगा है। हमारे ग्राम क्षेत्र में गड़बड़ी शुरू के दी गई है अफसरों एस डी ओ कमलेश चंद्राकर ने बताया की काम रोकने कहा गया था। फिर से अगर काम चालू किया गया है। ओर गलत हो रहा है तो दोबारा कराया जाएगा।

### न सड़क की सफाई एन प्राइमर मारा सीधे सील कोड

तय मापदंड के मुताबिक सड़क डब्लू बी एम वर्क के बाद 7 इंच का डामर को दो अलग-अलग लेयर में बिछाने का प्रावधान है। ग्रेडिंग 1 बिटुमिन मैकडम यानी बीएम वर्क के तहत प्रीमिक्स कंक्रीट पीएमसी बिछाई जाती है। पौन इंच गिट्टी के साथ डामर, फिर अच्छे से रोलिंग किया जाना होता है। इसकी थिकनेश 5 इंच का होना है। इसके ऊपर दूसरे चरण में 2 इंच डामर से कार्पेट लेयर का काम करना होता है,फिर सील कोड वर्क किया जाना है। लेकिन दो दिन से किए जा रहे डामर कार्य में सड़क की धूल की सफाई किए बगैर,बिना प्राइमर मारे सीधे 7 इंच का लेयर एक साथ बिछा दिया जा रहा है, इससे डामर की परते उखड़ने लगा है। मामले में इंजिनियर जितेंद्र चंद्राकर ने कहा की मुझे काम करने वालो ने बताया है की दोनो लेयर अलग अलग किया गया है। चुनाव ड्यूटी में हुं एसडीओ से बात कर लो।

### लेट वर्क की पेनाल्टी लग चुकी है कंपनी को

***2020 में कार्य का वर्क आर्डर जारी कर दिया गया था जिसे 26 जून 2021 को ठेका कम्पनी एम एस फारूक वारसी को पुरा करना था। लेकिन इस अवधि में काम पुरा नहीं हुआ,35 लाख की पेनाल्टी भरने के बाद इस काम को सितंबर 2023 तक पुरा करने की मियाद दोबारा दी गई। दूसरे टाइम लाइन में भी कंपनी ने काम पुरा नहीं किया।***



## एक नजर

### कारोबारी को नशे में वाहन चलाना पड़ा महंगा

**कोरबा** । कोरबा के एक दवा कारोबारी को नशे में धुत होकर वाहन चलाना उस समय महंगा पड़ गया, जब वाहन जांच में लगी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। प्रकरण को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

आपको बता दें कि जिला पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने निर्देश जारी किया है। एस पी के निर्देश पर तमाम थाना चौकी प्रभारी वाहन जांच के अलावा असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे है।

इसी कड़ी में मानिकपुर पुलिस चौकी प्रभारी प्रेमचंद साहू अपनी टीम के साथ वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान झारखंड पासिंग कार में सवार होकर एक व्यक्ति मानिकपुर पुलिस चौकी के सामने पहुंचा। उसे पुलिस ने रोक लिया। जब अल्को मीटर से जांच की गई तो कार चला रहा व्यक्ति नशे में चूर मिला। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम एमपी नगर निवासी नरेंद्र रतेरिया बताया। पुलिस के अनुसार वह निहारिका में रोड में दवा का व्यवसाय करता है। उसने कार्रवाई से बचने के लिए काफी प्रयास किया, लेकिन उसकी पुलिस के सामने एक नहीं चली। मामले में पुलिस में मोटर यान अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए प्रकरण तैयार कर लिया है, जिसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### टाटा एस की टक्कर से एक्टिवा सवार युवक की मौत

**रायपुर** । नवागांव पुल के पास टाटा एस वाहन की टक्कर से एक्टिवा सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी डगेश साहू 21 वर्ष अपने दोस्त नितेश साहू 22 वर्ष व राकेश के साथ एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एमएक्स 2214 में सवार होकर कहीं जा रहा था, तभी नवागांव पुल के पास टाटा एस क्रमांक सीजी 04 जेडी 4322 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा को टक्कर मार दिया। इस हादसे में नितेश साहू की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो लोग घायल हो गए। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने टाटा एस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**रायपुर** । खमतराई एवं मंदिरहसौद पुलिस ने अवैध शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 56 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 750 रुपए जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने सूर्या वायर गली के पास भनपुरी में अवैध शराब के साथ आरोपी अर्जुन निषाद 37 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 22 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया है।

### गुण व दोष के आधार पर संबंधित के विरूध्द कार्यवाही की जायेगी

# प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित 56 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी




**गरियाबंद।** विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तर पर समस्त पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्र. 01,मतदान अधिकारी क्र. 2,मतदान अधिकारी क्र. 03 का प्रशिक्षण कार्यक्रम 13 अक्टूबर 2023 को प्रातः 10 बजे जिला मुख्यालय स्थित महाविद्यालयों में आयोजित किया गया था। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में 56 कर्मचारी बिना कोई पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाये गये। संबंधित कर्मचारी का कृत्य निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य के प्रति घोर लापरवाही को प्रदर्शित करता है, जो कि सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 134 के सर्वथा विपरीत है। उक्त सभी कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने के संबंध में संतोषजनक स्पष्टीकरण 24 अक्टूबर 2023 तक उप जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करने एवं संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त न होने की स्थिति में गुण व दोष के आधार पर संबंधित के विरूध्द एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें चंपा साहू, सुनील सोनकर, प्रेमसिंह नागेश, छन्नुलाल साहू, पवन कुमार बनपेला, जगदीश जोशी, मुलेन्द्र साहू, धरमलाल प्रजापति, रंजीत आगरे, रविकिशन दीवान, शंशाक पाण्डेय, संतराम कुर्रे, गुणित राम निर्मलकर, आनंद कुमार साहू, दुष्यंत कुमार साहू, संतोष कुमार कंवर, आशीष दीवान, संजय कुमार गोस्वामी, द्वारिका प्रसाद कंवर, मोतीराम साहू, गजराज बंजारे, देवेन्द्र कुमार कुर्रे, कुणाल सिंह, गैंदराम ध्रुव, विकास पोटाई, प्रवीण कुमार बड़ा, लक्ष्मीचंद बेहरा, खीरसिंह यादव, गोस्वामी कुमार कश्यप, कमलेश कुमार मण्डावी, ओमप्रकाश नायक, संतोष कुमार नेताम, देवसिंह सोरी, चन्द्रकांत वर्मा, सुखसागर कुर्रे, केशव राम राठौर, पवन कुमार साहू, सुरेश कुमार साहू, मानिक राम सोनी, सियाराम सिन्हा, ब्रजेन्द्र कुमार, अशोक कुमार ध्रुव, भालेन्द्र कुमार ध्रुव, सुमेश कुमार नेताम, एबरतुस मिंज, विष्णुचरण सोनवानी, विक्रम संतोष दीवान, हीरालाल नायक, उत्तम दीवान, रामेश्वर साहू, सुरेन्द्र कुमार दीवाकर, शिवकुमार चन्द्रवंशी, भोजलाल सागर, अन्नुराम ध्रुव,जितेन्द्र कुमार साहू एवं बलराम देवांगन शामिल है।

# उचित मूल्य की दुकानों में मतदाता जागरूकता का किया जा रहा है प्रचार-प्रसार

**कोरबा** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा तथा जिला स्वीप नोडल अधिकारी श्री विश्वदीप के निर्देशन में जिले में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में जहां पिछली बार राज्य के औसत से कम मतदान हुए है, वहां के शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में जागरूकता अंतर्गत फ्लेक्स बैनर लगाकर जागरूक किया जा रहा है। साथ ही जितने भी लोग मिल रहे हैं, उन्हें मतदाता जागरूकता टीम के द्वारा समझाया जा रहा है कि चुनाव में बिना डर भय लोभ और प्रलोभन के निष्पक्ष वोट डालना है। मतदाता भी यह संकल्प ले रहे हैं कि हम सभी अपने मन से वोट डालेंगे। हम किसी के बहकावे में नही आयेंगे। टीम प्रभारी अनिल रात्रे ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में जहां-जहां पिछले दिनों मतदान कम हुए हैं।

# भाजपा नेता व राइस मिल के मालिक कारोबारी गोपाल मोदी के घर ईडी ने दी दबिश

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

आचार संहिता में प्रत्याशियों की घोषणा के बाद राजनेता अपने.अपने किले को बचाने की दौड़ में लगे हुए हैं। इसी बीच ईडी ने सियासी पारा और गरम कर दिया है। खबर है कि कोरबा जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल मोदी के घर ईडी की एक टीम ने शुक्रवार की सुबह दविश दी है।

जहां जांच पड़ताल जारी है गोपाल मोदी के घर पर रायपुर पासिंग की गाड़ियां खड़ी हैं। सुरक्षा कर्मी को भी तैनात रखा गया है। किसी को भी अंदर से बाहर या बाहर वाले को भीतर प्रवेश करने की अनुमति नहीं है। गोपाल मोदी राइस मिल के मालिक हैं, उनकी एक सिनेमा टॉकीज भी संचालित है। उनके भाई एक मॉल के मालिक हैं।

### नान घोटाले से जोड़कर मामला देखा जा रहा है

ईडी ने अब तक छत्तीसगढ़ में चर्चित कोल लेवी स्कैन, शराब घोटाला, जमीन घोटाले में जांच की है। नामचीन नेताओं और आईएएस अफसर को भी जेल तक भेजा है। लेकिन मौजूदा कार्रवाई के विषय में सूत्रों से यह जानकारी मिल रही है कि यह कार्रवाई नान घोटाले से जुड़ी हो सकती है। सरकारी चावल में कमीशन की वसूली, छत्तीसगढ़ सरकार के पीडीएस सिस्टम में गड़बड़ी की जांच करने ईडी कोरबा आयी है। इसके कारण ही राइस मिलर अब ईडी के रडार पर हैं। इसी कड़ी में राइस मिल के मालिक व गोपाल मोदी के घर छापा मार कार्रवाई की सूचना है।



हालांकि विस्तृत जानकारी ईडी द्वारा अधिकृत सूचना जारी किए जाने के बाद ही मिल सकेगी। लेकिन फिलहाल इस तरह की बातें निकलकर सामने आ रही हैं। वही कोरबा जिले की कलेक्टर रह चुकी आईएएस रानू साहू फिलहाल ईडी की गिरफ्त में है। चर्चित कोल लेवी स्कैम की शुरुआत कोरबा जिले से ही हुई थी। सूर्यकांत तिवारी हो या कोल स्कैम के अन्य आरोपी, कहीं ना कहीं इनके तार कोरबा से जुड़े हुए हैं। इसके अलावा डीएमएफ फंड की भारी भरकम राशि भी कोरबा जिले में मौजूद है। डीएमएफ घोटाले के तार भी कोरबा से जुड़े रहते हैं। कोल स्कैम डीएमएफ और जमीन संबंधित घोटाला की जांच में ईडी ने कई बार कोरबा में अलग अलग संदेहियों के घर पर दबिश दी है, ठेकेदार, राजनेता और कारोबारी के ठिकानों पर छापा मार करवाई हो चुकी है, शुक्रवार के सुबह की जा रही कार्रवाई को भी इन्हीं सब घोटालों से जोड़कर देखा जा रहा है। इसमें एक नया घोटाला, नान घोटाले का नाम भी जुड़ रहा है। सूचना है कि ईडी पास कुछ महत्वपूर्ण इनपुट है। जिसके आधार पर जांच पड़ताल जारी है।

# चाल्हा शक्तिकेंद्र की बैठक महेश चैनानी के नेतृत्व में संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही सभी पार्टियां युद्ध स्तर पर मैदान में डट चुकी है। कांग्रेस, भाजपा, बसपा जैसे पार्टियों ने अपना उम्मीदवार भी घोषित कर दिया है। प्रचार प्रसार में भारतीय जनता पार्टी बहुत आगे चल रही है वहीं बूथ स्तर तक बैठकों का दौर जारी है। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने के गुर सिखाए जा रहे हैं। धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कापू मंडल के चाल्हा शक्तिकेंद्र की बैठक पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष महेश चैनानी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष टीकाराम पटेल ने बैठक को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं में नई उमंग उत्साह भर दिया। चाल्हा शक्तिकेंद्र अंतर्गत सात मतदान केंद्र है। 28 अक्तूबर को सभी बूथों में बैठक निर्धारित की है। बैठक में टारजन भारती, जगजीत महंत, सिबलसाय बैगा, मोहनराम बैगा, संकीर्तन गुप्ता,संजय विश्वकर्मा, रामअवध सिंह, भोलाराम सहित सभी बूथ अध्यक्ष सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in